उत्तर मध्य रेलवे
आगरा मंडल

स्टेशन संचालन नियम
संख्या आगरा/68

जारी करने की तारीख
लागू होने की तारीख

राधाकुण्ड (बी.जी)

नोट:-स्टेशन संचालन नियमों को सामान्य एवं सहायक नियमावली तथा ब्लाक संचालन नियमावली के साथ-साथ पढ़ा जाना चाहिए। ये नियम किसी भी दशा में उपरोक्त पुस्तकों के किसी भी नियम का अतिक्रमण नहीं करते है जिसकी एक प्रति कार्यरत स्टेशन मास्टर के पास हर समय उपलब्ध रहेगी। शुद्धि पत्र संख्या.आगरा/68/क स्टेशन संचालन नियम में समायोजित कर दी गई है।

1. स्टेशन संचालन नियम आरेख

स्टेशन संचालन नियम आरेख संख्या एस.आई-1402/सी दिनांक 25.04.2019 जो सिगनल एवं इन्टरलॉकिंग प्लान संख्या एस.आई-1402/सी संशोधित दिनांक 16.04.2019 पर आधारित है। ट्रैक एकमोडेशन स्टेशन संचालन नियम आरेख में दर्शाया गया है।

2. स्टेशन का विवरण

राधाकुण्ड स्टेशन 'बी' श्रेणी का स्टेशन है। अन्तपार्शन स्टेण्डर्ड-II (आर) की व्यवस्था है, बहुसंकेती कलर लाइट सिगनलों के साथ सुसज्जित है तथा वीडीयू स्टेशन मास्टर कार्यालय में लगाये गये है।

2.1 सामान्य स्थिति

राधाकुण्ड स्टेशन एक "बी" श्रेणी स्टेशन जो अलवर-मथुरा इकहरी लाइन पर विधुतिकृत बीजी खण्ड ई-रूट का स्टेशन है यह छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से 1415 .83 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

2.2 ब्लाक स्टेशन आईबीएच, आईबीएस किसी भी दिशा और उनकी दूरियाँ और आउटलेइंग साइडिंग:

राधाकुण्ड स्टेशन मोरा स्टेशन के पूर्वी तरफ 07.23 किमी. की दूरी पर और गोवर्धन स्टेशन से पश्चिमी तरफ 8.940 किमी की दूरी पर स्थित है।

2.2.1 ब्लॉक खण्ड के बीच 'डी' और 'डीके' श्रेणी स्टेशन यदि कोई हो:-
- कोई नही -

2.3 विभिन्न मार्गो पर स्टेशन के दोनो ओर की ब्लॉक खण्ड सीमाएं:-

स्टेशनों के मध्य	स्थान जहाँ से ब्लॉक खण्ड प्रारम्भ होता है	स्थान जहाँ से ब्लॉक खण्ड समाप्त होता है
राधाकुण्ड-मोरा	राधाकुण्ड के अप अग्रिम प्रस्थान सिगनल नं. 1	मोरा के डाउन अग्रिम प्रस्थान सिगनल नं. 20
राधाकुण्ड-गोर्वधन	राधाकुण्ड का डाउन अग्रिम प्रस्थान सिगनल नं. 20	गोर्वधन का अप अग्रिम प्रस्थान सिगनल नं. एस-1

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

2.4 <u>ढलान यदि कोई हो:-</u>

मथुरा की तरफ से राधाकुण्ड स्टेशन पर स्टेशन सीमां 890 मंठे 1 का कि.मी. 1412.50 से कि.मी. 1413.80 तक चढ़ता हुआ ढलान है और 1130 में 1 का कि.मी. 1413.80 से किमी. 1415.83 तक गिरता हुआ ढलान है, और कि.मी. 1416.95 तक समतल और फिर 275 में 1 का कि.मी. 1416.95 से कि0मी01417.50 तक गिरता हुआ ढलान है और कि.मी. 1417.60 तक समतल और 425 में 1 का कि.मी. 1417.60 में 1418.23 तक अलवर की तरफ गिरता हुआ ढलान है।

2.5 <u>ले-आउट:-</u>

अभिन्यास में 03 लाइनों शामिल है। लाइन संख्या 1 (अप व डाउन लूप), लाइन नं. 2 (अप व डाउन मुख्य लाइन), लाइन नं. 3 (अप व डाउन लूप लाइन), लूप लाइन नं. 1 व 3 में 120 मी. लम्बी डेड एण्ड दोनो तरफ है (लोड स्टेबिल करने के लिये नही) और यहाँ पर रेल लेवल प्लेटफार्म है यह साइडिंग गाड़ियों के आगमन के लिये सिगनल ओवरलैप हेतु हमेशा खाली रखी जायेगी।

2.5.1 <u>चालू लाइने, संचालन की दिशा और सीएसआर में वहन क्षमता:-</u>

परिचालित लाइन संख्या	सीएसएल	मीटर में टिप्पणी
लाइन संख्या-1	780 मीटर	प्लेटफार्म लाइन (अप व डाउन लूप लाइन)
लाइन संख्या-2	739 मीटर	अप व डाउन मेन लाइन
लाइन संख्या-3	780 मीटर	प्लेटफार्म लाइन (अप व डाउन लूप लाइन)

2.5.2 <u>गैर चालू लाइने संचालन की दिशा और उनकी धारण क्षमता:-</u>
- कोई नही -

2.5.3 <u>चालू लाइने संचालन की दिशा और उनकी धारण क्षमता:-</u>

(क) <u>लाइन नं. 1 (प्रथम लूप लाइन)</u>
लाइन नं. 1 (अप व डाउन लूप) प्लेटफार्म एवं ट्रैक सर्किटेड युक्त लाइन है तथा अप एवं डाउन गाड़ियो के आगमन एंव प्रस्थान हेतु सिगनलों की व्यवस्था की गई है। लाइन की क्लीयर स्टेडिंग लम्बाई 780 मीटर है।

(ख) <u>लाइन नं. 2 (मुख्य लाइन):-</u>
लाइन नं. 2 (मुख्य लाइन) ट्रैक सर्किटेड युक्त लाइन है अप व डाउन गाड़ियों के आगमन एवं प्रस्थान हेतु सिगनलों की व्यवस्था की गई है। लाइन की क्लीयर स्टेडिंग लम्बाई 739 मीटर है।

(ग) <u>लाइन नं. 3 (द्वितीय लूप):-</u>
लाइन नं. 3(अप व डाउन लूप) प्लेटफार्म एवं ट्रैक सर्किटेड युक्त लाइन है तथा अप एवं डाउन गाड़ियो के आगमन एंव प्रस्थान हेतु सिगनलों की व्यवस्था की गई है। लाइन की क्लीयर स्टेडिंग लम्बाई 780 मीटर है।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(घ) ओवर रन लाइनः-

लाइन नं. 1 व लाइन नं. 3 (अप व डाउन लूप लाइन) के मथुरा सिरे और अलवर सिरे का विस्तारित भाग है एवं डैड एण्ड का प्रावधान हैं। लाइन नं. 1 एवं लाइन नं. 3 पर गाडी के आगमन हेतु पर्याप्त दूरी के लिये साफ रखा जाना आवश्यक है और यह सिगनल ओवर लैप माना गया है।

2.5.4 ले-आउट में कोई मुख्य विशेषता: - कोई नहीं।

2.6 समपार

फाटक संख्या	14	17
वर्गीकरण	ट्रैफिक सी	इंजी सी
खंड	राधाकुण्ड –मोरा	राधाकुण्ड –गोर्वधन
एमजी/बीजी	बीजी	बीजी
किलोमीटर	1415/3-4	1418/9-10
अर्न्तपार्शित /गैर अर्न्तपार्शित	अन्तपार्शित	गैर अन्तपार्शित
सामान्य स्थिति	खुला	बंद
लीब्स /एल.बी	पावर लिफिटिंग बैरियर स्लाइडिंग बूम के साथ	लिफिटिंग बैरियर
दूर संचार से जुडे	स्टेशन मास्टर राधाकुण्ड	स्टेशन मास्टर राधाकुण्ड
द्वारा संचालित	गेटमैन ट्रैफिक	गेटमैन इंजी

नोटः- समपार फाटको के संचालन से सम्बन्धित विस्तृत अनुदेशों के लिये परिशिष्ट "क" देखें

3. संचालन की पद्धति एवं साधन:

संचालन की पद्वतिः-

3.1 कार्य प्रणाली का लागू होनाः-

संचालन के साधनः-

(i) राधाकुण्ड और गोर्वधन स्टेशन के बीच गाड़ियों के संचालन के लिए स्टेशन मास्टर कार्यालय में स्टेशन से स्टेशन टेलिफोन के साथ डयूल डिजिटल एक्लस काउटर के साथ सिंगल लाइन ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर ब्लॉक उपकरण स्थापित किये गये है ।

(ii) प्रचालन और चाबी की अभिरक्षा के लिए ड्यूटी वाला स्टेशन मास्टर जिम्मेदार है।

3.4 चाबियों को सुरक्षित करनाः-

3.4.1 स्टेशन मास्टर निम्न चाबियों के लिये व्यक्तिगत अभिरक्षा में रखने के लिये जिम्मेदार होगा और जब भी किसी को चाबी देगा तो सम्बन्धित प्रपत्र पर हस्ताक्षर प्राप्त करेगा।

(i) पासवर्ड कार्यरत स्टेशन मास्टर के द्वारा प्रयोग किया जायेगा।
(ii) ब्लॉक यन्त्र की स्टेशन मास्टर चाबी
(iii) आक्यूपेशन चाबी
(iv) रिले रूम की चाबी
(v) क्रैक हैण्डिल बाक्स की चाबी
(vi) बी.पी.ए.सी. एक्सल काउंटर की रिसैटिंग चाबी

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

4. <u>सिगनल और अन्तर्पाशन की प्रणाली</u>

(i) मानक II R अन्तपार्शन का मानक है।

(ii) राधाकुण्ड स्टेशन हाथ से संचालित बहुसंकेती रंगीन रोशनी वाले सिगनलों से सुसज्जित है। कॉटो और सिगनलों का संचालन वी.डी.यू. द्वारा किया जाता है। कॉटो तथा सिगनलों के बीच इण्टरलॉकिंग एस.एस.आई. (सॉलिड स्टेट इण्टरलॉकिंग) के द्वारा वी.डी.यू. पर कमांड देने से प्राप्त होती है।

(iii) वी.डी.यू. पर उपलब्ध स्टेशन संचालन नियम डायग्राम के अनुसार ट्रैक सर्किट और उनके संकेत उपलब्ध है।

(iv) डायग्राम पर कॉटो के संकेत उपलब्ध है इनके नार्मल तथा रिवर्स स्थिति का संकेत वी.डी.यू. पैनल पर मिलता है।

(v) एस.एस.आई.(सॉलिड स्टेट इण्टरलॉकिंग) इस स्टेशन पर उपलब्ध है। वी.डी.यू. स्टे.मा. कार्यालय में स्थापित है। सभी कॉटे व सिगनल वी.डी.यू. से कार्यरत स्टेशन मास्टर द्वारा परिचालित होते है।

(vi) कॉलिंग ऑन सिगनल डाउन होम सिगनल नं. एस-2 और अप होम सिगनल नं. एस-19 के नीचे स्थापित है।

(vii) राधाकुण्ड-गोवर्धन और राधाकुण्ड-मोरा के मध्य ब्लॉक सैक्शन साफ (क्लियर) करने के लिये डयूल डिजीटल एक्सल काउंटर डाउन होम सिगनल और अप अग्रिम प्रस्थान सिगनल और डाउन अग्रिम प्रस्थान सिगनल और अप होम सिगनल के पास स्थापित है।

(viii) मोटर पोइंट के हस्त संचालन हेतु क्रैंक हैण्डिल की व्यवस्था सम्बन्धित प्वाइंट के पास की गई है। लोकेशन बॉक्स की चाबी स्टेशन मास्टर की व्यक्तिगत अभिरक्षा में रखी जायेगी। विस्तृत जानकारी परिशिष्ट "ख" में दी गई है। वीडीयू स्टेशन मास्टर कार्यालय में दिये गये है। रिले द्वारा विधुत रूट के साथ कॉटो और सिगनल का अंतपार्शन एवं व्यक्तिगत संचालन के साथ वीडीयू पैनल पर भी प्रदर्शित होता है। कॉटो की सैटिंग, रूट, ट्रैक सर्किट का घिरा होना तथा सिगनलों के संकेत वीडीयू पर प्रदर्शित होते है।

4.1.1 <u>ट्रैप्स:-</u> कोई नही -

<u>नोट:-</u>ओवर रन लाइन से निकाली गई लाइन नं. 1 और 3 का प्रयोग लोडिंग अनलोडिंग तथा वाहनों के स्टेबिलिंग के मनाही है।

4.1.2 <u>माइक्रोलोक इंडीकेटर प्रणाली:- परिशिष्ट "बी" देखे</u>

4.2 <u>स्टेशन मास्टर और एस एण्ड टी स्टाफ के मध्य रिले रूम चाबी की अभिरक्षा और उसको लेने व देने का तरीका:-</u>

जब मरम्मत/फेलियर के लिये रिले रूम खोलना आवश्यक हो तो निम्न तरीका अपनाया जायेगा।

(1) रिले रूम को डबल तालों से लॉक किया जायेगा। एक ताला स्टे. मा. द्वारा तथा दूसरा ताला अधिकृत एस एण्ड टी स्टाफ के द्वारा लगाया जायेगा। स्टे.मा. के पैडलॉक की चाबी ड्यूटी पर कार्यरत स्टे.मा. के पास रहेगी और जब आवश्यक हो तो अधिकृत एस एण्ड टी स्टाफ को दी जायेगी।

(2) जब रिले रूम की चाबी एस एण्ड टी स्टाफ के पास हो तो उस समय सम्बन्धित स्टेशन स्टाफ द्वारा गाड़ियों के संचालन के सम्बन्ध में पूर्व सूचना एस एण्ड टी स्टाफ को दी जायेगी।

(3) एस एण्ड टी स्टाफ जब रिले रूम में मरम्मत कार्य/निरीक्षण इत्यादि करेगा तो यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी असुरक्षित कार्यवाही न होने पाये इसके लिये एस एण्ड टी स्टाफ स्वयं उत्तरदायी होगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(4) जब रिले रूम की चाबी एस एण्ड टी स्टाफ को दी गयी हो उस समय सिगनल/एस एण्ड टी गेयर के किसी भी खराबी के लिये स्टे. मा. को अतिरिक्त सतर्क रहना होगा। किसी भी एस एण्ड टी गेयर की विफलता के मामले में निर्देशित नियमों का, कॉटो/सिगनलों के विफलता के समय, गाड़ियों के आगमन/प्रस्थान के लिये कड़ाई से पालन करना होगा।

(5) सिगनल विभाग के रेलवे कर्मचारी से जब रिले रूम की चाबी वापस प्राप्त हो जाती है तो ड्यूटी पर स्टेशन मास्टर स्वयं सुनिश्चित करेगा कि रिले रूम सही लॉक किया गया है।

4.3 <u>विद्युत सप्लाई:-</u>

(क) सिगनलिंग के लिये विद्युत सप्लाई के साधन इस प्रकार है:-

(i) ए.टी सप्लाई
(ii) लोकल सप्लाई (यू.पी.पी.सी.एल.)
(iii) डीजल जनरेटर सप्लाई
(iv) इन्टीग्रेटेड.पावर सप्लाई
(v) इस स्टेशन पर सिगनलिंग पद्धति और पैनल के लिये पावर सप्लाई साधारण सप्लाई संकेत द्वारा नियंत्रित पैनल पर डालते हुये बल्ब द्वारा "एन" संकेतो के साथ उपलब्ध है। जब भी ए.टी सप्लाई एवम् यू.पी.पी.सी.एल. सप्लाई दोनो सिगनलिंग लोड के लिये विफल होती है तो उसे एकीकरण पावर सप्लाई पर स्विच द्वारा बदल देगे और परिचालन स्टाफ द्वारा जनरेटर को चालू किया जायेगा। यदि यू.पी.पी.सी.एल. सप्लाई दो घंटे से अधिक विफल होती है तो दूसरे जनरेटर को चालू (स्टार्ट) कर दिया जायेगा और पहले वाले को बंद कर दिया जायेगा। एक जनरेटर केवल दो घंटे तक लगातार चालू रह सकता है। इन पावर सप्लाई की उपलब्धता का इंडीकेशन स्टेशन मास्टर कार्यालय में लगे हुये ऑटोमेटिक/मैनुअली चैन्ज ओवर पावर पैनल पर लगा दिया गया है।

(ख) <u>पावर सप्लाई की विफलता</u>:- कृपया परिशिष्ट "बी" में देखें।

5. <u>संचार साधन:-</u>

गाड़ी संचालन तथा अन्य कार्यो के लिये दूरसंचार सुविधाये नीचे दी गई है सभी स्टेशन कर्मचारी को आपातस्थिति में टेलीफोन को तुरन्त कॉल अटेण्ड करना चाहिए क्योंकि की कोई भी कॉल आपातकाल की सूचना हो सकती है।

राधाकुण्ड स्टेशन पर उपलब्ध संचार साधन सुविधायें निम्न है।

(i) ब्लॉक यंत्र के साथ लगा ब्लॉक टेलीफोन।
(ii) सैक्शन कंट्रोल फोन।
(iii) ओटो/डॉट टेलीफोन- बी.एस.एन.एल. टेलीफोन।
(iv) केबिन/गेट के साथ मैगनिटो टेलीफोन-गेट के साथ टेलीफोन उपलब्ध है।
(v) आई बी एस किमी पर आई बी एस टेलीफोन-उपलब्ध नहीं है।
(vi) एक्सल काउंटर रीसैट बाक्स के साथ टेलीफोन-उपलब्ध नहीं है।
(vii) यार्ड के लिये संचार साधन - उपलब्ध नहीं है।
(viii) बी एच एफ सैट।
(ix) मोबाइल गाड़ी रेडियों संचार साधान (एमटीआरसी) उपलब्ध नहीं है।
(x) रेलवे ओटो फोन

जब ऊपर दिये गये किसी भी साधन से लाइन क्लीयर प्राप्त नही होता है तो सामान्य एवं सहायक नियमावली के सामान्य नियम 6.02/03 और 6.02/4 में दिये गये तरीको के अनुसार गाड़ियो का संचालन होगा।

(परिशिष्ट "बी" पैरा क्रमांक 18 और 19 में कार्य करने का विवरण दिया गया है)

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

6. <u>गाड़ियो के संचालन की पद्वति:-</u>

इस स्टेशन पर गाड़ियों का संचालन पूर्ण ब्लॉक पद्वति के अनुसार किया जायेगा।

6.1 <u>गाड़ी संचालन स्टाफ की ड्यूटियॉ:-</u>

गाड़ी संचालन स्टाफ की ड्यूटियों के लिये परिशिष्ट "डी" देखे।

6.1.1 <u>प्रत्येक शिफ्ट में गाड़ियॉ संचालन स्टाफ:-</u>

(i)	कार्यरत स्टेशन मास्टर	-	1 (रोस्टर के अनुसार)
(ii)	स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. (पैनल संचालक)	-	1 (रोस्टर के अनुसार)
(iii)	कॉटे वाला	-	2 (रोस्टर के अनुसार)
(iv)	गेटमैंन	-	1 (12घण्टें की शिफ्ट में)

<u>नोट:-</u> मण्डल रेल प्रबन्धक/उ.म.रे./आगरा द्वारा समय-समय पर रोस्टर जारी किया जाता है यह रोस्टर ऐसी जगह प्रदर्शित किया जायेगा जहॉ कर्मचारी सुविधानुसार देख सकें।

6.1.2 <u>लाइन की क्लीयरेन्स सुनिश्चित करने के लिये उत्तरदायित्व तथा उत्तरदायित्व के क्षेत्र:-</u>

सामान्य कार्य के समय ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर सुनिश्चित करेगा कि सभी गाड़ियों के आगमन/प्रस्थान के लिये लाइन सम्वन्धित दिशा के होम सिगनल से अग्रिम प्रस्थान सिगनल तक वीडीयू पर ट्रैक सर्किट के संकेतक द्वारा साफ हो।

ट्रैक सर्किट के फेल हो जाने पर या असामान्य परिस्थिति में ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर/सहा.स्टे.मा. का उत्तदायित्व है कि वह स्वयं सुनिश्चित करे कि सम्वन्धित होम सिगनल से अग्रिम प्रस्थान सिगनल तक लाइन साफ है।

6.1.3 <u>आश्वासन रजिस्टर में कर्मचारियों का आश्वासन लेना:-</u>

गाड़ी पास करने वाले सभी स्टाफ जिनकी स्टेशन पर नई नियुक्ति हुई है या स्टेशन पर छुट्टी देने वाला स्टाफ या स्थिर स्टाफ जिन्होने 15 दिनों से ज्यादा अनुपस्थित होने के बाद ड्यूटी पर आये है।

स्टेशन संचालन नियम में लागू नियमों के अनुसार आश्वासन रजिस्टर में आश्वासन देना चाहिए एवं हस्ताक्षर करने होगें।

6.2 <u>लाइन क्लीयर देने की शर्तें:</u>

(क) लाइन तब तक साफ नहीं मानी जायेगी और गाड़ी को लाइन क्लीयर ड्यूटी वाले स्टेशन मास्टर द्वारा तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि:-

(i) ठीक पहले आने वाली गाड़ी पूरी आ चुकी हो।
(ii) उक्त गाड़ी के पीछे के सभी आवश्यक सिगनल फिर से 'ऑन' स्थिति में कर दिये गये हो, तथा
(iii) लाइन, आने वाली सम्भावित गाड़ी के निकटस्थ सिरे के स्टेशन के अग्रिम प्रस्थांन सिगनल तक साफ हो, अर्थात अप गाड़ी के लिए डाउन अग्रिम प्रस्थान सिगनल नं. 20 तक अथवा डाउन गाड़ी के लिए अप अग्रिम प्रस्थान सिगनल नं. 01 तक' साफ हो साधारण नियम 8.01 (1) तथा 8.03 ।

(ख) ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर लाइन क्लीयर देने से पहले आगमन सिरे के स्टेशन से इस बात का आश्वासन ले लेंगे कि आगमन अनुमति देने की शर्तें पूरी कर ली गई हो।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

6.2.1 <u>गाड़ी के स्टेशन पर आगमन या प्रस्थान के समय पालन की जाने वाली अन्य विशेष शर्तें:-</u>

कुछ नही

6.2.1.1 <u>ब्लॉक लाइन के विरूद्व कॉटो को अन्य लाइन के लिये सैट करना</u>:-

जब कोई चालू लाइन किसी गाड़ी, डिब्बा या वैगन से या क्रांसिग के लिये या दूसरी गाड़ी को प्राथमिकता देने के लिये या स्टेशन पर तुरंत गाड़ी आने के पश्चात इत्यादि से ब्लॉक हो तो डबल लाइन खण्ड में कॉटो को विपरीत और दूसरे सिरे पर तथा इकहरी लाइन खण्ड में तुरंत ब्लॉक लाइन के विपरीत आगे तथा पीछे सैट करेगे। सिवाय इसके कि जब शंटिग या अन्य कोई संचालन उसी दिशा में लाइन पर तुरंत करना आवश्यक हो।

6.2.1.2 <u>ब्लॉक लाइन पर गाड़ियों का आगमन:-</u>

अवरोधित लाइन पर गाड़ी लेने के लिये कार्यरत स्टेशन मास्टर पिछले स्टेशन के कार्यरत स्टेशन मास्टर को सूचित करेगा कि उस गाडी को सर्तकता आदेश देकर ड्राइवर को सूचित करे कि गाड़ी को अवरोधित लाइन पर लिया जा रहा है,

यह सुनिश्चित करेगा कि गाड़ी के प्रवेश का नियंत्रण करने वाले सिगनल या सिगनलों को 'ऑफ' न किया जाए, तथा

यह सुनिश्चित करेगा कि जिन कॉटो पर से गाड़ी को पार होना है, उन्हें सही तौर पर सैट कर दिया गया है और सम्मुख (फेसिंग) कॉटो पर ताला लगा दिया गया है।

संबंधित रोक (स्टॉप) सिगनल पर गाडी खड़ी कर देने के बाद उसे निम्नलिखित रीति से अवरूद्व लाइन पर लिया जा सकता है, जहॉं बुलावा (कॉलिग ऑन) सिगनल लगा है वहॉं उसे 'ऑफ' करके लोको पायलट को रोक सिगनल 'ऑन स्थिति' में पार करने के लिये प्राधिकृत करेगा, या 'ऑन' स्थिति में संबंधित सिगनल या सिगनलों को पार करने के लिये लोको पायलट को लिखित प्राधिकार देना। यह प्राधिकार पत्र किसी कॉटे वाले द्वारा भेजा जा सकता है जो गाड़ी को पायलट करके उसे सिगनलों से पार करायेगा।

प्रवेश लाइन पर ले जाने वाले सम्मुख (फेसिंग) कॉटों पर गाड़ी को तब तक खड़ा रखा जायेगा जब तक किसी सक्षम रेल सेवक द्वारा उसे आगे के लिये हाथ सिगनल नही दे दिया जाता। अवरोध के मामले में कम से कम 45 मीटर की दूरी पर एक रोक (स्टॉप) हाथ सिगनल दिखाया जायेगा जो कि लोको पायलट को यह बतायेगा कि गाड़ी को कहॉं खड़ा करना है। लोको पायलट गाड़ी को पूरी तरह अपने नियंत्रण में रखेगा और वह किसी भी अवरोध से पहले रूकने के लिये तैयार रहेगा।

6.2.1.3 <u>सिगनल रहित लाइन पर गाड़ियों का आगमन:-</u>

लागू नहीं है।

6.2.1.4 <u>सिगनल रहित लाइन से गाड़ियों का प्रस्थान:-</u>

लागू नहीं है।

6.2.1.5 <u>कॉमन स्टार्टर सिगनल के साथ स्थापित लाइन से गाड़ियों का प्रस्थान:</u>

लागू नही

6.2.1.6 <u>अन्य कोई विशेष स्थिति:</u>

कुछ नही

6.3 <u>आगमन सिगनलों को ऑफ करने की शर्तें:-</u>

जब तक गाडी प्रवेश नही कर जाती कार्यरत स्टेशन मास्टर सिगनल 'ऑफ' नही करेगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(1) वी.डी.यू. को देखकर जिस लाइन पर गाडी लेनी है साफ है नीचे दिये अनुसार सुनिश्चित करेगाः-

(क) <u>अप गाड़ियों का आगमनः-</u>

(i) <u>अप लाइन नं. 1 (प्रथम लूप लाइन):</u>-लाइन अप एडवांस स्टार्टर सिगनल नं. 1 तक साफ होनी चाहिए साथ कॉटा संख्या 298ए/बी और 201ए/बी सामान्य स्थिति में, काटा संख्या 202ए/बी और 299ए/बी विपरीत दिशा में सैट होने चाहिए ओवर रन लाइन की सम्पूर्ण लम्बाई तक कॉटा संख्या 299ए/बी विपरीत स्थिति में, और 202 ए/बी सामान्य स्थिति सैट होने चाहिए।

(ii) <u>अप लाइन नं. 2 (मुख्य लाइन):</u>-लाइन अप एडवांस स्टार्टर सिगनल नं. 1 तक साफ साथ कॉटा संख्या 201ए/बी,202ए/बी, 298, ए/बी, और 299 ए/बी सामान्य स्थिति में सैट होने चाहिए।

(iii) <u>अप लाइन नं. 3 (द्वितीय लूप लाइन):-</u> लाइन अप एडवांस स्टार्टर सिगनल नं. 1 तक साफ होनी चाहिए साथ कॉटा संख्या 299ए/बी, 202ए/बी, सामान्य स्थिति में, कॅाटा संख्या 201ए/बी, 298ए/बी विपरीत दिशा में सैट होने चाहिए ओवर रन लाइन की सम्पूर्ण लम्बाई तक कॉटा संख्या 298ए/बी, विपरीत स्थिति में, और 299ए/बी ,201 ए/बी सामान्य स्थिति सैट होने चाहिए।

(ख) <u>डाउन गाड़ियों का आगमनः-</u>

(i) <u>डाउन लाइन नं. 1(प्रथम लूप लाइन) :-</u> लाइन डाउन एडवांस स्टार्टर सिगनल नं. 20 तक साफ होनी चाहिए साथ कॉटा संख्या 299ए/बी, 202ए/बी विपरीत स्थिति में, कॅाटा संख्या 201ए/बी, 298ए/बी सामान्य दिशा में सैट होने चाहिए ओवर रन लाइन की सम्पूर्ण लम्बाई तक कॉटा संख्या 202ए/बी ,विपरीत स्थिति में, और 201ए/बी ,299ए/बी सामान्य स्थिति सैट होने चाहिए।

(ii) <u>डाउन लाइन नं. 2 (मुख्य लाइन)</u>:-लाइन डाउन एडवांस स्टार्टर सिगनल नं. 20 तक साफ साथ कॉटा संख्या 201ए/बी, 202ए/बी, 298ए/बी, एवं 299ए/बी सामान्य स्थिति में सैट होने चाहिए।

(iii) <u>डाउन लाइन नं. 3 (द्वितीय लूप):</u>-लाइन डाउन एडवांस स्टार्टर सिगनल नं. 20 तक साफ होनी चाहिए साथ कॉटा संख्या 202ए/बी, 299ए/बी, सामान्य स्थिति में, काटा संख्या 201ए/बी, 298ए/बी विपरीत दिशा में सैट होने चाहिए ओवर रन लाइन की सम्पूर्ण लम्बाई तक कॉटा संख्या 202, ए/बी ,298ए/बी सामान्य स्थिति में, और 201ए/बी , विपरीत स्थिति सैट होने चाहिए।

2) समपार फाटक की कार्यवाही परिशिष्ट 'क' के अनुसार की जायेगी।

3) ऊपर लिखे निर्देशो के अनुसार लाइन किसी भी अवरोध से मुक्त है सुनिश्चत करने के बाद स्टेशन मास्टर किसी गाडी के आगमन हेतु होम सिगनल को ऑफ करेगे।

6.3.1 <u>सिगनलों को पुनः "ऑन" करने के लिये स्टेशन मास्टर का दायित्व</u>:-स्टेशन मास्टर यह सुनिश्चित करेगा कि गाड़ी आने के पश्चात सिगनलों को वापस "ऑन" में कर दिया गया है। सामान्य एवं सहायक नियम 3.36(2) दिये गये तरीको को लागू किया जायेगा।

6.3.2 <u>गाड़ियो को जगह देनाः-</u>

रूकने वाली यात्री गाडी सामान्यतः अप/डाउन लूप लाइन नं. 1 और 3 (प्लेटफार्म लाइन) पर ही ली जानी चाहिए।

6.4 <u>गाड़ियों का एक साथ आवागमन, क्रासिंग, और प्राथमिकता :-</u>

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

6.4.1 <u>राधाकुण्ड स्टेशन पर निम्नलिखित एक साथ संचालनों की अनुमति है:-</u>

(i) एक अप गाडी डैड एण्ड लगाकर लाइन नं. 1 (प्रथम लूप) पर ली जा रही हो तो दूसरी डाउन गाडी को डैड एण्ड लगाकर लाइन नं. 3 (द्वितीय लूप) पर ली जा सकती है।

(ii) जब अप गाडी डैड एण्ड लगाकर लाइन नं. 1 (प्रथम लूप) पर ली जा रही हो तो दूसरी अप गाडी को लाइन नं. 2 (मुख्य लाइन) और लाइन नं. 3 (द्वितीय लूप) से चलाई जा सकती है।

(iii) जब एक डाउन गाडी डैड एण्ड लगाकर लाइन नं. 3 (द्वितीय लूप) पर ली जा रही हो तो डाउन गाडी को लाइन नं. 2 व 1 से चलाई जा सकती है।

(iv) जब अप गाडी डैड एण्ड लगाकर लाइन नं. 3 (द्वितीय लूप) पर ली जा रही हो तो दूसरी अप गाडी को लाइन नं. 2 (मुख्य लाइन) और लाइन नं. 1 (प्रथम लूप) से चलाई जा सकती है।

6.4.1.1 <u>अनुमोदित विशेष निर्देशो के अधीन</u>

सामान्य नियम 3.40 (1) बी में निर्दिष्ट अनुमोदिन विशेष निर्देशो के अनुसार इकहरी लाइन खण्ड मं होम सिगनल ऑफ करने के लिये लाइन अनमुख कॉटो के आगे पर्याप्त दूरी तक साफ हो या अनुमोदित विशेष के अधीन पर्याप्त दूरी जहाँ गाडी के रूकने के लिये नियत स्थान तक लाइन क्लीयर है। इन मामलो में निम्नलिखित पर्याप्त दूरी प्रस्तावित की गई है।

1) लाइन नं. 1 के लिये पर्याप्त दूरी सिगनल नं. 7 से मथुरा सिरे के डैड एण्ड तक, स्टार्टर सिगनल नं. 7 से डैड एण्ड के बीच पर्याप्त दूरी 120 मीटर उपलब्ध है।

2) लाइन नं. 3 के लिये पर्याप्त दूरी सिगनल नं. 11 से मथुरा सिरे के डैड एण्ड तक, स्टार्टर सिगनल नं. 11 से डैड एण्ड के बीच पर्याप्त दूरी 120 मीटर उपलब्ध है।

3) लाइन नं. 1 के लिये पर्याप्त दूरी सिगनल नं. 12 से अलवर सिरे के डैड एण्ड तक, स्टार्टर सिगनल नं. 12 से डैड एण्ड के बीच पर्याप्त दूरी 120 मीटर उपलब्ध है।

4) लाइन नं. 3 के लिये पर्याप्त दूरी सिगनल नं. 16 से अलवर सिरे के डैड एण्ड तक, स्टार्टर सिगनल नं. 16 से डैड एण्ड के बीच पर्याप्त दूरी 120 मीटर उपलब्ध है।

6.4.2 <u>गाड़ियो की क्रासिंग:-</u>

1 इन नियमों के पैरा 6.3 तथा सब पैरा 6.3.1 से 6.3.3 में दिये गये विस्तृत विवरण के अनुसार गाड़ियां ली जायेगी। उपरोक्त पैरा 6.4.1 में दिये गए वर्णन के अनुसार यदि गाड़ियाँ एक साथ ली जा सकती है तो एक साथ ही आगमन कराया जायेगा अन्यथा जिस गाड़ी की पहले आने की सम्भावना हो उसके आगमन के लिए आदेश पहले दिया जायेगा।

.2 पूरी गाड़ी आ जाने के बाद उसका प्रस्थान पैरा 6.6 में दिए गए विवरण के अनुसार किया जायेगा।

.3 साफ मौसम में तथा धुंध एवं कोहरे के मौसम में इस स्टेशन पर एक गाड़ीं के क्रासिंग की अनुमति है फिर भी धुंध, कोहरे या तूफानी मौसम में सहा. नि. 3.61/2 में दी गई सावधानियों का कड़ाई से पालन किया जायेगा।

4 रुकने वाली सवारी गाड़ियों को सामान्यतया प्लेटफार्म लाइन पर ही लिया जायेगा।जब दोनो रूकने वाली गाडी हो तो जब तक कि विशेष आदेश न हो पहली गाडी को प्लेटफॉर्म वाली लाइन पर लेना चाहिये (स.नि. 3.39/5 का क)

6.5 <u>गाड़ियों का पूर्ण आगमन:-</u> जहाँ खंड में ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर और राधाकुण्ड-गोर्वधन और राधाकुण्ड-मोरा के बीच लगातार ट्रैक सर्किटिंग किया गया है स्टेशन सैक्शन को पूरा ट्रैक सर्किटिंग किया गया है जब वह कार्य कर रहा हो तब एक्सल काउन्टर द्वारा दिये गये क्लीयरेंस और ब्लॉक खंड के साफ होने का संकेत व गाड़ियों का पूर्ण आगमन दिये गये संकेतों के अनुसार होता है। यह स्टे.मा. को गाड़ी के पूर्ण आगमन की जॉच कराता है। यदि दो ब्लॉक खंड के बीच ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर और स्टेशन सैक्शन की पूर्ण ट्रैक सर्किटिंग विफल हो जाये तो निम्न तरीका अपनाया जायेगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

गोर्वधन की तरफ से आने वाली अप रन थ्रू गाडी के लिये कार्यरत स्टेशन मास्टर व्यक्गित रूप से गाडी के टैल लैम्प/टैल बोर्ड को देखकर गाडी का पूर्ण आगमन सुनिश्चित करेगा स्टेशन पर रूकने वाली गाडियो के मामले में कार्यरत स्टेशन मास्टर सक्षम रेल कर्मचारी द्वारा पूर्ण गाडी आगमन रजिस्टर भेजकर सुनिश्चित करेगा कि गाडी फाउलिंग मार्क के अन्दर टैल लैम्प व टैल बोर्ड के साथ आ गई है अन्य प्रावधान सामा. एवं सहा. नियम 4.56/1 में दिये गये है।

पिछले स्टेशन के स्टेशन मास्टर को "गाड़ी खण्ड के बाहर" की सूचना देने से पूर्व नीचे दिये अनुसार ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर द्वारा गाड़ी के सबसे पिछले वाहन के पीछे लगे हुये टैल लैम्प/टैल बोर्ड का या उसके अधिकृत विकल्प को स्वयं देखेंगे कि गाड़ी पूरी आ चुकी है।

(i) ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर का उत्तरदायित्व है कि गाड़ी का खण्ड से बाहर संकेत देने से पूर्व स्टेशन पर आने वाली गाड़ियों का क्लियर संकेत एवं गाड़ी पूर्ण आगमन वीडीयू पर जाँच ले। यदि वीडीयू पर व्यक्तिगत अवलोकन/साफ संकेतों द्वारा फाउलिंग मार्क के अन्दर गाड़ी का सम्पूर्ण आगमन नही होता है तो ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर सम्पूर्ण गाड़ी आगमन को सामान्य एव सहा. नियमावली के सहा. नि. 4.56/1 (सी) तथा बी.डब्ल्यू.एम. के पैरा 4.17 के अनुसार सुनिश्चित करेगें।

(ii) अप/डाउन गाडी के मामले में, कार्यरत स्टेशन मास्टर व्यक्गित रूप से गाडी के टैल लैम्प/टैल बोर्ड देखकर सुनिश्चित करने के बाद कि गाड़ी पूरी गुजर गई है, की सूचना स्टेशन मास्टर मोरा व स्टेशन मास्टर गोर्वधन को प्राइवेट नम्बर के साथ देगा। स्टेशन मास्टर मोरा स्टेशन मास्टर गोर्वधन "ट्रेन सिगनल रजिस्टर" मे इसकी प्रविष्टी दर्ज करेगें।

6.6 <u>गाड़ियों का प्रस्थानः-</u>

6.6.1 <u>मोरा की तरफ गाड़ियो का प्रस्थान:-</u>

(i) ब्लॉक यंत्र पर लाइन क्लीयर प्राप्त करने के बाद ड्यूटी वाले स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. स्वयं सुनिश्चित करेगें कि रूट में शामिल ट्रैक सर्किट क्लीयर है और गाडी आने की दिशा सही और समपार फाटक संख्या नं. 14 सड़क यातायात के लिये बंद हो गया है।

(ii) तब ड्यूटी वाले स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. प्रस्थान सिगनलों को "ऑफ" करेंगे।

(iii) पूरी गाड़ी जाने के बाद "ऑफ" किये गये सिगनल स्वतः ही "ऑन" स्थिति में आ जायेगें और वीडीयू पर रूट पर लाल संकेत बुझ जायेगा।

6.6.2 <u>गोर्वधन की तरफ गाड़ियो का प्रस्थान:-</u>

(i) ब्लॉक यंत्र पर लाइन क्लीयर प्राप्त करने के बाद ड्यूटी वाले स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. स्वयं सुनिश्चित करेगें कि रूट में शामिल ट्रैक सर्किट क्लीयर है और गाडी आने की दिशा सही और समपार फाटक सं0-17 सड़क यातायात के लिये बंद हो गया है।

(ii) तब ड्यूटी वाले स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. प्रस्थान सिगनलों को "ऑफ" करेंगें।

(iii) पूरी गाड़ी जाने के बाद "ऑफ" किये गये सिगनल स्वतः ही "ऑन" स्थिति में आ जायेगें और वीडीयू पर रूट पर लाल संकेत बुझ जायेगा।

6.7 <u>बिना रूके सीधे जाने वाली गाड़ियां:-</u>

(i) स्टेशन पर रूके बिना गाडी को केवल मेन लाइन से निकाला जायेगा।

(ii) अगर मेन लाइन अवरोधित है, अप या डाउन गाडी को लूप लाइन से निकाला जायेगा और उसकी गति 30 कि.मी. से अधिक नही होगी या विशेष अनुमोदित गति से निकाली जायेगी तथा देखा जायेगा कि सभी कांटे सही लगे है और सही सिगनल ऑफ किये जायेगे।

(iii) यदि कोई गाडी बिना टेल लैम्प/टेल बोर्ड के पास होती है तब कार्यरत स्टेशन मास्टर पिछले सैक्शन को क्लीयर नही करेगा अगले स्टेशन को संकेत देगा कि गाडी बिना टेल लैम्प/टेल बोर्ड के गई है।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

6.8 <u>विफलता के समय कार्य करना:-</u>

6.8.1 <u>सिगनलो का विफल होना:-</u>

जब कोई सिगनल त्रुटिपूर्ण होता है तो सम्बन्धित काँटे यदि फेसिंग दिशा में हो तो उनको सही सैट क्लैम्प व तालित किया जायेगा और साधारण नियम 3.68, 3.69, 3.70, 3.71, 3.76 और उनके सहायक नियम का पालन किया जायेगा।

6.8.2 <u>काँटो का विफल होना:-</u>

जब कोई काँटा त्रुटिपूर्ण होता है और पैनल पर कोई संकेत उपलब्ध न हो तो सहायक नियम 3.77/1 का पालन किया जायेगा तथा किसी भी रूकावट इत्यादि के लिये काँटो का निरीक्षण किया जायेगा और व एस एण्ड टी स्टाफ को सूचित किया जायेगा। काँटो पर कोई भी संचालन करने की अनुमति नही होगी जब तक कि ड्यूटी पर कार्यरत स्टे.मा. अपनी व्यक्तिगत देखरेख में सही सैट, क्लैम्प व तालित न कर दिया गया हो। सा. एवं सहा. नियमावली के नियम 3.68/1 (घ) और (3.51/1 सहा. नियम का पालन किया जायेगा।)

6.8.3 <u>ट्रैक सर्किट का विफल होना:-</u>

ट्रैक सर्किट/एक्सल काउंटर के विफल होने के मामले में गाड़ियों को कॉलिंग ऑन सिगनल "ऑफ" करके लिया जायेगा और स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. लाइन का साफ होना स्वयं सुनिश्चित करेगें।

6.8.4 <u>क्षतिग्रस्त काँटो पर कार्य करना:-</u>

जब कभी काँटे (पाइंट), कैंची (क्रासिंग) या गार्ड रेल खराब या क्षतिग्रस्त हो जाती है तो जिस रेल सेवक के कार्यभार (चार्ज) में काँटो का प्रचालन है, वह उनको संरक्षित करेगा और तत्काल इस बात की सूचना स्टेशन मास्टर को देने की व्यवस्था करेगा व परिस्थिती से अवगत करायेगा।(सहायक नियम 3.77/1 और 3.77/2 भी लागू होगा)

6.8.5 <u>ट्राली या लाइट इंजन द्वारा घिरी हुई लाइन का फेलियर:-</u>

स्टेशन से ट्राली या लाइट इंजन पास होने के बाद लाइन साफ है कि व्यक्तिगत जिम्मेदारी ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर की होगी।

6.8.6 <u>ब्लॉक यंत्र की विफलता:-</u>

जब राधाकुण्ड-गोर्वधन और राधाकुण्ड-मोरा के बीच गाड़ी संचालन के लिए इकहरी लाइन ब्लॉक पूर्विंग एक्सल काउंटर पैनल ब्लॉक उपकरण खराब हो तो गाडियों का संचालन ब्लॉक संचालन नियमावली (इकहरी लाइन) 5.01 (a)के अनुसार किया जायेगा। अंतीम रोक सिगनल को खराब माना जायेगा। ऐसी स्थिति में कार्यरत स्टेशन मास्टर द्वारा चालक को पेपर लाइन क्लियर सौपा जायेगा। विस्तृत कार्य प्रणाली के लिये परिशिष्ठ बी देखें।

6.8.7 <u>एक्सल काउन्टर की विफलता:-</u>

ब्लॉक एक्सल की दशा बताने वाला एक्सल काउन्टर तक फेल माना जायेगा जब:-

1. रिसैट बॉक्स मे हरा संकेत हो किन्तु ब्लॉक सैक्शन ओवर लैप सहित साफ नही है।
2. रिसैट बॉक्स में लाल संकेत हो किन्तु ब्लॉक सैक्शन ओवरलैप सहित साफ है।
3. रिसैट बॉक्स में जब कोई संकेत नही हो।

6.9 <u>ट्रोली/मोटर ट्राली/मेटेरियल लारियों की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में उपबन्ध:-</u>

6.9.1 रनिंग लाइन पर मेटेरियल लारी नही चलाई जा सकती सिवाय जब इंजी/सिगनल/विधुत विभाग द्वारा ब्लॉक के अन्तर्गत चलाई जाये, इन दशाओ में मोटर ट्राली कम से कम निरीक्षक स्तर के कर्मचारी के पर्यवेक्षक में कार्य करेगी।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

स्टेशन मास्टर खण्ड नियंत्रक की सहमति से ब्लॉक लेगा और मैटेरियल लारी ब्लॉक के अन्तर्गत कार्य करेगी, मैटेरियल लारी साधारण नियम 15.27 के अनुसार चलेगी।

6.9.2 एक मोटर ट्राली सामान्य एवं सहायक नियम 15.18 से 15.28 के तक और उसके सहायक नियमों के अन्तर्गत कार्य करेगी।

मोटर ट्राली पूर्णतः वैक्यूम ब्रेक वाली गाडी के पीछे भेजा जा सकता है या मोटर ट्राली को दिन के समय दृश्यता साफ होने पर भेजा जा सकता है, ब्लॉक सैक्शन में प्रवेश करने से पूर्व मोटर ट्राली का इन्चार्ज ब्लॉक सैक्शन में प्रवेश करने के लिये मोटर ट्राली परमिट लेगा।

6.9.3 <u>नॉन इंसुलेटिड ट्राली/लारी का संचालन ट्रैक सर्किट क्षेत्र मे प्रतिबन्धित है।</u>

7. <u>लाइन अवरूद्ध होनाः-</u>

जब कभी रनिंग लाइन को ब्लॉक करना आवश्यक हो तो कार्यरत स्टेशन मास्टर वीडीयू पर लगे सम्बन्धित रूट बटन को क्लिक करेगा, बटन लाल रंग प्रदर्शित करेगा इसका अर्थ है रूट साफ होने तक रूट ब्लॉक है।

8.0 <u>शंटिगः-</u>

8.1 <u>सामान्य सावधानियांः-</u>

(क) सभी शंटिग कार्य गाड़ी के गार्ड/स्टेशन मास्टर/शंटिग कार्य के इंचार्ज की व्यक्तिगत अभिरक्षा में होगा।

(ख) शंटिग कार्य आरम्भ करने से पूर्व गाड़ी के गार्ड व ड्राइवर को टी-806 जारी किया जायेगा।

(ग) शंटिग कार्य के लिये सम्बन्धित लाइन के शंट सिगनल को 'ऑफ' किया जायेगा।

8.2 <u>आने वाली गाड़ी के सम्मुख शंटिगः-</u>

आने वाली गाड़ी के सम्मुख शंटिंग एडवांस स्टार्टर सिगनल तक करने की अनुमति है बशर्तेः-

(i) सभी आवश्यक सिगनल 'आन' स्थिति में रखे गये हो।
(ii) मौसम साफ हो।
(iii) शंटिंग कार्य का पर्यवेक्षक एक सक्षम रेलवे कर्मचारी हो।

उपरोक्त शंटिंग की अनुमति देते समय (सा.नि. 8.09) ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर निम्नलिखित बातो का स्पष्ट उल्लेख करते हुए टी'-806 जारी करेगें और गाड़ी के गार्ड एवं ड्ाइवर से इसकी पावती लेगे:-

(क) शंटिंग की सीमा,

(ख) किए जाने वाले कार्य का पूर्ण विवरण,

(ग) शंटिग संचालन में प्रयोग होने वाली परिचालित (रनिंग) एवं अन्य लाइनें,

(घ). अनुमानित समय जब तक शंटिंग करने की अनुमति दी गई हो।

8.3 <u>शटिंग करने की मनाही/कोई विशेष लक्षणः-</u>

1. लूज शंटिग की मनाही है।

2. दोनो तरफ हाथ शंटिग या मुख्य लाइन पर अवरोध की अनुमति नही है।

3 बियरिंग रोलर स्टॉक की गाड़ियों जैसे **BOX,BOBS,BCXS** आदि की हाथ शंटिग मना है।

4. रोलर बियरिंग स्टॉक को स्टेविल करते समय सहा. नियम 5.23/2 एवं अन्य स्टॉक को स्टेविल करते समय सहा. नियम 5.23/1 के अनुसार सुरक्षा की जायेगी।

5. जहॉं सम्भव हो वहॉं शंट सिगनल को ऑफ किया जायेगा। जब आने वाली गाड़ी के लिये सिगनल दे दिये गये है और वह लाइन पृथक (आईसोलेटेड) नहीं है, तो कोई शटिंग कार्य उस ओर के कांटों की तरफ नहीं किया जायेगा। जिन पर से आने वाली गाड़ी गुजरेगी।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

8.4 <u>इकहरी लाइन पर शंटिग:-</u>

8.4.1 <u>स्टेशन सेक्शन के अन्दर शटिंग करना:-</u>

अगर आवश्यक सिगनल ऑन है तो स्टेशन सेक्शन मे शटिंग जारी रह सकती है लाइन क्लीयर देने के पश्चात सामान्य एवं सहायक नियमावली के सहायक नियम 8.10 के अनुसार होगी।

अगर किसी गाडी को लाइन क्लीयर दिया हो तो स्टेशन सैक्शन में धुंध व कोहरे व तूफानी मौसम में और स्पष्ट दिखाई न देने की स्थिति में शंटिग की अनुमति नही है। सहा.नियम 8.09/3 के अनुसार।

8.4.2 <u>स्टेशन सैक्शन के बाहर शंटिग:-</u>

8.4.2.1 आती हुई गाडी के सम्मुख स्टेशन सैक्शन के बाहर शंटिग करने की अनुमति नही है।

पिछले ब्लॉक सैक्शन में शंटिग की अनुमति तब तक नही दी जायेगी जब तक कि वह ब्लॉक सैक्शन क्लीयर न हो या सहा.नियम 8.01 सी व 8.01 (2) के अनुसार ब्लॉक बैक नही ले लिया गया हो। राधाकुण्ड और मोरा खण्ड में शंटिग के समय गेट नं. 14 का बंद होना सुनिश्चित होना चाहिए कि वे रोड यातायात के लिये बन्द है, इसी प्रकार राधाकुण्ड-गोर्वधन खण्ड में शंटिग के समय गेट नं0-17 का सुनिश्चित होना चाहिये कि वे रोड यातायात के लिये बन्द है। स्टेशन की लॉग बुक में की गई आखिरी टिप्पणी सुनिश्चित करे, कि गेट सड़क यातायात के लिये बन्द है।

8.4.3 सभी सिगनल ऑन अवस्था में रखे जायेगे इस शंट सिगनल के अलावा जिसको शंटिग में शामिल करना है, शंटिग चाबी ब्लॉक उपकरण से निकालकर ड्राइवर को सौप दी जायेगी, शंटिग समाप्त होने पर ड्राइवर उस शंटिग चाबी को स्टेशन मास्टर को सौप देगा। ड्राइवर एडवांस स्टार्टर को (टी-806 में लिखित टिप्पणी) के आधार पर ऑन स्थिति में पार कर सकता है इसकी सही प्रविष्टि स्टेशन मास्टर की लॉग बुक में और ट्रेन सिगनल रजिस्टर में की जायेगी।

8.4.4 <u>इकहरी लाइन पर ब्लॉक उपकरण के खराब होने के दौरान:-</u>

ब्लॉक उपकरण के खराब होने पर शंटिग चाबी व ब्लॉक उपकरण का उपयोग नही होगा जब तक ब्लॉक उपकरण सही नही हो जाता।

इस अवस्था में शंटिग की स्वीकृति देने से पूर्व ब्लॉक वर्किंग मैनुअल के आधार पर सम्बन्धित लाइन पर ब्लॉक बैक लिया जायेगा तथा इसकी प्रविष्टि लाल स्याही से ट्रेन सिगनल रजिस्टर में की जायेगी, इसके बाद ड्राइवर को टी-806 प्राधिकार पत्र दिया जायेगा जिसमें ब्लॉक उपकरण खराब/निलम्बित.........लाइन बी में..................और................ स्टेशन (जिससे ब्लॉक बैक लिया है) और प्राइवेट नम्बर....................स्टेशन से प्राप्त.................... की प्रविष्टि होगी, कार्यरत स्टेशन मास्टर उस दिशा से आने वाली गाडी को लाइन क्लीयर देने से पूर्व उस प्राधिकार को वापस प्राप्त करेगा।

8.5 <u>डबल लाइन पर शंटिग:-</u>

लागू नही।

8.6 <u>स्टेशन यार्ड/गुड्स यार्ड से निकली हुई साइडिंग में शंटिग:-</u>

लागू नही।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

9.0 असामान्य स्थिति:-

(क) असामान्य स्थिति की दशा में नियमों का पालन करना:-

असामान्य कार्य के समय गाड़ियों के संचालन में यह तरीका अपनाया जायेगा।

(i) विद्युत संचार यंत्र के आशिक अवरोध/विफल होने पर सामान्य एवं सहायक नियमावली के सहायक नियम 6.02/3 एवं 6.02/4 लागू होगा।
(ii) दुर्घटना या लाइन पर अवरोध के मामले में घिरे हुये खण्ड में जाने के लिये प्राधिकार पत्र सामान्य नियम 6.05 और सहायक नियम 6.05/1 एवं 6.05/2 लागू होगा।
(iii) ब्लॉक खण्ड में गाड़ियों का लेट होना। सहायक नियम 6.04/1 लागू होगा।
(iv) विफलता/"ऑन" में इंटरमीडिऐट ब्लॉक रोक सिगनल को पार करना - कुछ नही।
(v) एक्सल काउंटर, ब्लॉक/बीपीएसी का विफल होना। (परिशिष्ट "बी" में कार्य विवरण देखें।)
(vi) एम टी आर सी का विफल होना - कुछ नही।

(ख) क्रैंक हैडिंल द्वारा कॉटो का आपातकाल में संचालन करने का तरीका:-

(i) मोटर पोइंट का हस्त संचालन व संरक्षण और क्रैंक हैडिंल का प्रयोग:- मरम्मत या विफलता के समय इस स्टेशन पर मोटर संचालित कॉटो के मैनुअल सैटिंग के लिये क्रैंक हैडिंल उपलब्ध है।यह क्रैंक हैण्डिल एक बाक्स में रखा जायेगा जो खासतौर से इसके लिये उपलब्ध है। इस बक्से को ताला लगाया जायेगा और चाबी ड्यूटी पर कार्यरत स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. की स्वयं की अभिरक्षा में रहेगी। स्टेशन मास्टर द्वारा लॉक करने के बाद खण्ड का ई.एस.एम. क्रैंक हैण्डिल बाक्स को सील करेगा। (विस्तृत विवरण के लिये कृपया परिशिष्ट "ख" देखें।)
(ii) एक्सल काउंटर/ट्रैक सर्किट विफलता और आपातकाल रूट रिलीज के साथ कॉटो का आपातकाल में संचालन करने का तरीका:-

सामान्य नियम 3.37, 3.39 और इनके सहायक नियम में दिये गये तरीको को अपनाना चाहिए।

(ग) कॉलिग ऑन सिगनल देने से पूर्व ट्रैक के साफ होने की जॉच करना:-

ट्रैक सर्किट की विफलता के समय कॉलिग ऑन सिगनल "ऑफ" करने से पूर्व रूट और ट्रैक का साफ होना जिस पर कि गाड़ी पास होनी है, को स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. स्वयं सुनिश्चित करेगें।

(घ) कॉटे, ट्रैक सर्किट/एक्सल काउंटर और अर्न्तपार्शन का विफल होना:-

स्टेशन पर जब भी सिगनल कॉलिंग ऑन सिगनल, कॉटे टै्रक सर्किट/एक्सल कांउटर या अन्य कोई अर्न्तपार्शित उपकरण विफल होता है तो ड्यूटी पर कार्यरत स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. कार्यरत सम्बन्धित सिगनल मरम्मत स्टॉफ को विफलता को ठीक करने के लिये सूचित किया जायेगा। ईएसएम से विफलता को ठीक करने का लिखित मीमो प्राप्त करने के बाद स्टे.मा./सहा.स्टे.मा. सामान्य गाड़ी संचालन करेगे। विफलता रजिस्टर में प्रविष्टियॉं की जायेगी तथा सैक्शन कट्रोलर को भी सूचित किया जायेगा।

नोट:- कॉटे के विच्छेदन/त्रुटिपूर्ण मामले में दूसरे सिरे को जहॉं कार्य नही किया जा रहा हो कार्यरत स्टे.मा. द्वारा सैट किया जायेगा।

9.1 सम्पूर्ण संचार व्यवस्था का विफल होना:-

सम्पूर्ण संचार व्यवस्था के विफलता के मामले में जब किसी भी निम्न साधन से लाइन क्लीयर प्राप्त न किया जा सकता हो:-

(i) ब्लॉक यंत्र।
(ii) ब्लॉक यंत्र से जुड़ा टेलीफोन।
(iii) स्टेशन से स्टेशन के लिये स्थिर टेलीफोन जहॉं उपलब्ध हो।
(iv) रेलवे के स्थिर टेलीफोन, ऑटो फोन और बीएसएनएल टेलीफोन।
(v) कंट्रोल फोन।
(vi) बीएचएफ सैट।

सामान्य एवं सहायक नियमावली के सहा.नि. 6.02/4 के अनुसार गाड़ियों का संचालन किया जायेगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

9.2 <u>डबल लाइन सैक्शन में अस्थाई इकहरी लाइन संचालन:-</u>
कुछ नहीं।

9.3 <u>बिना लाइन क्लीयर के गाड़ियों का प्रस्थान या प्राधिकार पत्र द्वारा अशक्त गाड़ियों की सहायता करना:-</u>
जब कभी ब्लॉक सैक्शन में अशक्त गाड़ी की सहायता के लिये गाड़ी का बिना लाइन क्लीयर के प्रस्थान ऑथरिटी पर भेजना आवश्यक हो तो स्टेशन मास्टर को चाहिए कि:-

(i) प्रभावित सैक्शन के अगले सिरे के स्टेशन मास्टर को सूचित करेगा।
(ii) सहायता गाड़ी के गार्ड और ड्राइवर को परिस्थिति के बारे में अवगत करायेगा।
(iii) सहायता गाड़ी के ड्राइवर को टीए/602 ऑथरिटी सौपेगा।

सा.एवं सहा.नियमावली के सा.नि. 6.05 तथा इसके सहायक नि. के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

10 <u>दृष्यता परीक्षण लक्ष्य:-</u>

10.1 अप और डाउन मुख्य लाइन के प्रस्थान सिगनलों की बत्ती दिन व रात दोनो में सम्बन्धित दिशाओं में दृष्यता परीक्षण लक्ष्य है। (सहायक नियम 3.61/1 (क) और (ख)) यह स्टेशन मास्टर कार्यालय के मध्य से दिखाई देने चाहिए।

10.2 अस्पष्ट दृश्यता की अवस्था में कार्यरत स्टेशन मास्टर को सामान्य एवं सहायक नियमावली के नियम. 3.61/1 और 3.61/2 में दिये अनुसार कार्यवाही करनी चाहिए।

10.3 धुंध कोहरे या तूफानी मौसम में अस्पष्ट दृश्यता के समय ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर अप और डाउन मुख्य लाइन प्रस्थान सिगनलों की रोशनी की जाँच बार-बार करने के लिये उत्तरदायी होगा। (सामान्य नियम 3.61/2 (क))।

11. स्टेशन पर आवश्यक उपकरण:- परिशिष्ट 'ड़' में देखें।

12 <u>कोहरे के समय बुलाये जाने वाले नामित कोहरा सिगनल कर्मचारियों के नाम:-</u>
स्टेशन मास्टर कोहरे के मौसम में बुलाये जाने वाले कर्मचारियों की एक सूची बनायेगे जिसका प्रारूप नीचे दिया गया है:-
राधाकुण्ड स्टेशन के कोहरा सिगनल कर्मचारियों की सूची

क्र.स.	नाम	पदनाम	मुख्यालय	विभाग/यूनिट नं.
1				
2				

नोट:- केवल स्थायी कर्मचारी ही कुहरा सिगनल मैन के लिये नामित किये जायेगें।

स्टेशन मास्टर
राधाकुण्ड

<u>परिशिष्टो की सूची</u>

परिशिष्ट "ए" समपार फाटकों की कार्य प्रणाली।

परिशिष्ट "बी" स्टेशन पर सिगनल और अन्तपार्शन की पद्वति एवं दूर संचार के साधन।

परिशिष्ट "सी" एन्टी कुलीजन डिवाइसेस (रक्षा कवच) -

परिशिष्ट "डी" गाड़ी संचालन कर्मचारियों की ड्यूटी और प्रत्येक पारी में कार्यरत कर्मचारी।

परिशिष्ट "ई" स्टेशन पर उपलब्ध आवश्यक उपकरणो की सूची।

परिशिष्ट "एफ" "डी के" स्टेशन, हाल्ट्स, आई बी एच, आई बी एस, और बाहरी साइडिंग की कार्य प्रणाली -

परिशिष्ट "जी" विद्युतीय खंड में गाड़ियों के संचालन सम्बन्धी नियम

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

परिशिष्ट "क"

समपार फाटक की कार्यप्रणाली

1.1 सामान्य

1.1.1 समपार फाटक का विवरण

1	फाटक संख्या	14
2	श्रेणी	सी
3	इंजीनियरिंग/यातायात फाटक	यातयात
4	अधीन स्टेशन अधी0/रेल पथ निरीक्षक	स्टे.मा राधाकुण्ड
5	किमी0 पर स्थित	1415/3-4
6	स्टेशन	राधाकुण्ड
7	स्टेशन मध्य	राधाकुण्ड –मोरा
8	बी0जी0/एम0जी0/एन0जी0	बी0जी0.
9	इकहरी/दोहरी/मिश्रित	इकहरी
10	इन्टरलाक्ड/नानइन्टरलाक्ड	इन्टरलाक्ड
11	इन्टरलॉकिंग का प्रकार	स्टेशनों के रोक सिगनलों द्वारा
12	गेट सिंगनलों का प्रावधान किलोमीटर	-
13	संचार साधन टेलीफान/घंटी	टेलीफोन एस.एम. राधाकुण्ड से सम्बद्ध
14	फाटक की सामान्य स्थिति	सडक यातायात के लिए खुला
15	सिगनलिंग व्यवस्था	स्टेशनो के रोक सिगनलों द्वारा
16	कर्मचारियों की संख्या	2 (प्रत्येक 12घंटे की पाली)
17	समपार फाटक की चौड़ाई	5.5 मीटर
18	सड़क का प्रकार ;एन.एच./एस.एच./अन्यद्ध	अन्य
19	सड़क का नाम	दिल्ली-गोर्वधन
20	पक्का/कच्चा	पक्का
21	पहुँच मार्ग	पक्का
22	सड़क की चौड़ाई	5.5 मीटर
23	सड़क का क्रोसिंग कोण गेट के लिए	-
24	सड़क का ढ़ाल ;यदि कोई होद्ध (i) उत्तर/पूर्व की तरफ (ii) दक्षिण/पश्चिम की तरफ	समतल समतल
25	सड़क की सीधाई (सीधा/घुमावदार) (i) उत्तर/पूर्व की तरफ (ii) दक्षिण/पच्चिम की तरफ	सीधा सीधा
26	हाइट गेज का प्रावधान	हाँ
27	बैरियर का प्रकार	पावर लिफ्टिंग बैरियर स्लाइडिग बूम के साथ
28	चेक रेल की लम्बाई	7.5 मीटर
29	समपार के मध्य सड़क की सतह	पक्का (समतल)
30	रोड़ स्ट्रिप/गति अवरोधक की लम्बाई	सड़क चौड़ाई के अनुसार
31	रोड़ साइन	उपलब्ध है।
32	गति अवरोधक बोर्ड	उपलब्ध है।
33	टी वी यू	37465 मई 2022
34	अग्रिम गणना की तिथि	मई 2025
35	पटाखा सिंगनल लगाने का निर्दिष्ट स्थान	उपलब्ध है।
36	निकटतम रेलवे सहायता केन्द्र	मथुरा रेलवे स्टेशन
37	निकटतम निजी चिकित्सा सहायता की उपलब्धता ;यदि कोई होद्ध	मथुरा/गोर्वधन/राधाकुण्ड
38	उपलब्ध उपकरणों की सूची	संलग्न सूची अनुसार उपलब्ध हैं।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

1.2 समपार पर उपस्करों की सूची

क्रमांक	मद	मात्रा/संख्या
1.	हैन्ड सिगनल बत्ती / ट्राई कलर टार्च	3
2.	हैन्ड सिगनल हरी झंडी	2 डंडी मे लिपटी हुई
3.	हैन्ड सिगनल लाल झंडी	3 डंडी मे लिपटी हुई
4.	लाल बैनर फ्लैग	3
5.	लाल बैनर फ्लैग दिखाने के लिए पोस्टें	2
6.	तालों सहित अतिरिक्त जंजीरें	2 स्टॉप मार्क के साथ
7.	पटाखे	10 (प्लास्टिक के डब्बे में)
8.	फलैशिंग हैण्ड सिगनल (लाल तथा हरा)	1
9.	गेट बत्तियां	2
10.	टॉमी बार	1
11.	मोटर पैन	1
12.	कुदाल/फावड़ा	1
13.	थापी	1
14.	गैंती	1
15.	झंडियों के लिए टिन बॉक्स	1
16.	तेल के लिए कनस्तर	1
17.	पानी के लिए बर्तन/बाल्टी	1
18.	मस्टर रोल के लिए कनस्तर	1
19.	जो गेटमैन चश्मा पहनते है, उनके लिए चश्मे का अतिरिक्त सैट	1
20.	गेट पर रुकावट होने की दशा में समपार गेट रेखाचित्र की सुरक्षा को निर्धारित करने वाला बोर्ड	1
21.	टोकरी	1
22.	सीटी	1
23.	दीवार घड़ी	1
24.	छोटी जंजीर	2

टिप्पणी -1. उन समपार फाटकों पर जो केबिन मास्टर /केबिन मैन /लीवर मैन द्वारा प्रचलित है मद संख्या 11,12 13, 14, 16, 18, 20 एवं 21 के बिना काम चलाया जायेगा ।

1.3 गेट लाज पर रखे जाने वाले अभिलेख

01 फाटक संचालन निर्देश हिन्दी/अंगेजी में
02 गेटमेन नियम पुस्तक हिन्दी/अंग्रेजी में
03 उपकरण एवं पुस्तको की सूची
04 ड्यूटी रोस्टर
05 फाटकवाला का कार्य करने का प्रमाण-पत्र
06 फाटकवाला का विवरण संबंधी बायोडाटा, नेत्रजॉच पास करने की तिथि, प्रारम्भिक/पुनश्चर्या, पाठ्यक्रम संरक्षा शिविर आदि के सहित।
07 दुर्घटना रजिस्टर
08 समपार फाटक पर अन्तिम सड़क यातायात गणना का अभिलेख
09 जन शिकायत पुस्तिका
10 निरीक्षण पुस्तिका
11 संकेत एवं दूरसंचार पंजिका - अन्तपार्शित इंजीनियरिंग गेट के मामले में

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

1.4 <u>संचालन का तरीका-</u> समपार के दोनो बूम लिफ्टिंग बैरियर द्वारा परिचालित है इसलिये बूम एक साथ खोले व बन्द किये जाते है।

1.5 <u>गेटमेन की ड्यूटी:-</u>

1\. सतर्कता- गेटमेन सर्तक रहेगा और किसी खतरे की आशंका होते ही त्वरित कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगा/फाटक की चाबियाँ उसके निजी अभिरक्षा में रहेगी।

2\. <u>गाड़ी पास होते समय गेटमेन की स्थिति:-</u>

गाड़ियो के गुजरते समय गेटमेन निम्न निर्दिष्ट रीति मे खड़ा रहेगा-

(i) गेटमेन आने वाली गाड़ी के सामने मुह करके गेटलॉज के सामने खड़ा रहेगा।

(ii) गेटमैन दिन के समय लाल और हरी झंडी अलग-अलग डंडे पर लपेटी/समेटी हुई क्रमशः दाये और वाये हाथ में पकड़े रहेगा।

(iii) गेटमैन रात के समय सफेद प्रकाश युक्त हाथ बत्ती रेलपथ की ओर करके पकड़े रहेगा।

(iv) वह अपने गले में एक डोरी लगी हुई सीटी लटकाये रहेगा।

3\. <u>गेटमेन की नियमित ड्यूटी:-</u>

(i) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि जब भी अन्तर्तपार्शित गेट सड़क यातायात के लिये खुला होगा अथवा आपातकाल के दौरान या गेट पर अवरोध के दौरान लाल बैनर फ्लैग/लाल बत्ती रेलपथ के एक छोर से दूसरे छोर तक लगी है।

(ii) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि गेटलैम्प और सभी गेट सिगनलो की बत्तियां प्रकाशित है तथा सूर्यास्त से सूर्योदय तक जलती रहती हैं।

(iii) गेटमेन ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन कड़ाई के साथ करेगा और तब तक गेट नही छोड़ेगा जब तक कि रिलीवर न आ जाये तथा कार्यभार ग्रहण न कर लें। यदि आपातकालीन स्थिति मे गेट छोड़ना ही पड़े तो उसे गेट छोड़ने से पूर्व फाटकों को सड़क यातायात के विरूद्ध बन्द करके ताला अवश्य लगा देना चाहिए।

(iv) जहाँ किसी विशिष्ट अनुदेशो के अनुसार छूट है को छोड़कर गेटमैन सभी गुजरती हुई गाड़ियों को ध्यान से देखेगा और गाड़ियों की संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही करने हेतु तैयार रहेगा।

(v) गेटमेन सभी गुजरने वाली गाड़ियों को अत्यन्त सावधानीपूर्वक देखेगा और किसी भी असामान्य स्थिति जैसे गरम धुरा, लटकती हुई चैन, लटकती हुई बैटरी, अन्य वाहन/ वैगन/ ट्रेन, बैटरी बॉक्स में लगी आग, लोड का खिसकना, गिरती हुई चीज जैसे-ब्रेक ब्लॉक, ब्रेक बीम, संरक्षा ब्रैकेट, निर्वात सिलेण्डर या अन्य स्थिति जो संरक्षित गाड़ी संचालन में खतरा पैदा कर सकते है उनका तीव्र एवं सावधानी पूर्ण निरीक्षण करेगा।

(vi) गेटमेन किसी सिगनल को दुहराने के लिए भी तैयार रहेगा, जो गार्ड द्वारा लोको पायलट को वाकी-टाकी या अन्य साधन द्वारा दिया जा सकता है।

(vii) यदि लिफ्टिग बैरियर क्षतिग्रस्त अथवा अव्यस्थित हो तो गेटमेन अतिरिक्त चैन को डिस्क एवं पैडलॉक सहित सड़क यातायात के विरूद्ध फाटक को सुरक्षित करने के लिए प्रयोग मे लायेगा।

(viii) गेटमेन स्टेशन मास्टर, गैगमेट या खण्ड अभियंता/रेलपथ को गेट अथवा उससे संबंधित उपकरण में किसी भी खराबी की सूचना शीघ्रातिशीघ्र देगा।

(ix) गेट सिगनल खराब हो जाने की दशा में गेटमैन सिगनल को ऑन की स्थिति में रखेगा चाहे उसे सिगनल से तारो को अलग करना पड़े।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(x) गेट के सिगनल खराब हो गये हो, गेटमैन गाड़ी को देखते ही लिफ्टिंग बैरियर बंद करेगा और ताला लगा देगा तथा गाड़ी को हाथ सिगनल दिखाकर या पायलट करके खराब सिगनल को पार करेगा। ऐसे मामले में अगले स्टेशन पर रिर्पोट करने के लिये लोको पायलट को सूचित करेगा।

(xi) गेटमेन जब समपार फाटक पर ड्यूटी पर हो तो बैज तथा निर्धारित यूनिफार्म पहनेगा।

(xii) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि जब वह ड्यूटी पर है उसके पास सक्षमता प्रमाण पत्र है।

(xiii) गेटमेन फाटक संचालन निर्देशों के अनुरूप कार्य करेगा और इन अनुदेशों से भलीभॉति अवगत बना रहेगा।

(xiv) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि गेट पर आपूर्ति किए गये उपस्कर अच्छी हालत में हैं और तत्काल प्रयोग के लिए तैयार हैं।

(xv) गेटमेन देखेगा कि पहिए की कोर (फ्लेंज) के लिए पथ (चैनल) साफ रखा गया है।

(xvi) गेटमैन कच्ची सड़क की ऊपरी सतह को अच्छी तरह से पानी का छिड़काव एवं दुरमुस करेगा।

(xvii) गेटमेन यह देखने के लिए चौकस रहेगा कि सड़क उपयोगकर्ता को गेट बंद होने के कारण कम से कम असुविधा हो।

(xviii) विद्युतीकरण (इलेक्ट्रीफाइड) खण्ड में गेटमैन यह सावधानीपूर्वक देखेगा कि सड़क वाहन/जानवर जो समपार से पास हो रहे है, वे समपार के दोनो ओर लगे हुये ऊँचाई लदान मापी के अन्दर है

(xix) गेटमेन व्यक्तियो अथवा पशुओ के अतिचार (ट्रेस पासिंग) को रोकने का हर संभव प्रयास करेगा।

4.0 **<u>गाड़ियो में असमान्य घटना के प्रकरण मे कार्यवाही-</u>**

यदि फाटकवाला किसी पास हो रही गाड़ी में कोई असामान्य बात देखता है तो वह निम्नवत कार्यवाही करेगा:-

(i) वह गुजरती हुई गाड़ी के लोको पायलट और गार्ड को सचेत करने के लिये दिन में लाल झंडी और रात में लाल बत्ती दिखाकर त्वरित कार्यवाही करेगा।

(ii) ट्रेन पार्टिंग के मामले में गेटमैन रूकने का लाल हाथ सिगनल नही दिखाएगा, परन्तु ट्रेन पार्टिंग के लिये निर्धारित सिगनल दिन में हरी झंडी और रात में सफेद बत्ती लम्ब रूप में ऊपर नीचे करते हुये हिलायेगा।

(iii) वह साथ-साथ लोको पायलट तथा गार्ड का ध्यान आकर्षित करने के लिये लगातार सीटी बजाकर, बोलते समय हाथो की मुद्रा से हाव-भाव अभिव्यक्त करके ब्रेकवान पर गिट्टी फेंककर अथवा अन्य साधन द्वारा लोको पायलट तथा गार्ड का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास करेगा।

(iv) यदि लोको पायलट और गार्ड ध्यान देने में विफल रहते है तो गेटमैन स्टेशन मास्टर को, यदि टेलीफोन द्वारा सम्बन्ध है, समुचित कार्यवाही हेतु प्राइवेट नम्बर आदान-प्रदान के अन्तर्गत तत्काल सूचित करेगा।

5.0 **<u>आपातकालीन स्थिति में समपार फाटक पर की जाने वाली कार्यवाही</u>**

(i) समपार फाटक पर कोई अवरोध आ जाने पर गेटमैन गेट सिगनल को ऑन स्थिति मे रखेगा।

(ii) इसके उपरान्त यदि फाटकवाला अवरोध हटाने में सक्षम नहीं है तो वह स्टेशन मास्टर को टेलीफोन पर प्राईवेट नम्बर का आदान-प्रदान करते हुए फाटक की खराबी/अवरोध के बारे में तत्काल सूचित करेगा

(iii) यदि दो या तीन प्रयासों के बाद भी स्टेशन मास्टर कोई प्रत्युत्तर नहीं देते हैं तो फाटकवाला सर्वप्रथम समपार फाटक को संरक्षित करने के बाद पुनः टेलीफोन से सूचित करेगा।

(iv) समपार फाटक पर किसी असमान्य घटना के दौरान किसी गाडी के लिये दिये हुये सिगनल ऑन करने हेतु समपार फाटक पर आपातकालीन स्विच दिया गया है। किसी असामान्य घटना के समय गेट मैन स्विच द्वारा सिगनलों को ऑन कर देगा।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

गेटमैन लाइन/फाटक का बचाव निम्नवत् करेगा

(क) इकहरी लाइन खंड पर

(i) गेटमैन दिन के समय एक लाल बैनर फ्लैग तथा रात के समय एक लाल बत्ती अवरोध स्थल से 5 मीटर की दूरी पर इस निमित्त यथोचित लगाये गये खम्भों पर लगा देगा। जिस ओर से गाड़ी आने की संभावना है उस ओर का बचाव वह पहले करेगा।

(ii) तब वह उसी प्रकार से दूसरी ओर का भी बचाव करेगा।

(iii) समपार फाटक पर अवरोध को हटाने के लिये कदम उठायेगा तथा आने वाली गाडी के लोको पायलट को सचेत करेगा।

(iv) वह लोको पायलट को सचेत करने के लिये लाल फ्लैशिंग हाथ सिगनल जलायेगा और स्थिर रखेगा आने वाली गाड़ी को दिन में लाल झडी और रात के समय लाल हाथ बत्ती बारम्बार हिला कर रोकेगा।

(ख) गेटमैन द्वारा की जाने वाली अन्य कार्यवाही:-

(i) गेटमेन रात के समय दो हाथ सिगनल बत्तियॉ जलायेगा और लाल बत्ती दिखाने/प्रदर्शित करने तथा उप पैरा न. कें (क)एवं (ख) वर्णित नियमानुसार लाइन का बचाव करने संबंधी कार्यवाही करेगा।

(ii) यदि गेट सडक वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया हो जो ट्रैक उल्लंघित कर रहा हो अथवा लिफ्टिग बैरियर या अन्य कोई भाग ट्रैक को उल्लंघित कर रहा हो या समपार फाटक पर कोई अन्य अवरोध हो तो गेटमेन त्वरित कार्यवाही करेगा।

(iii) वह सड़क वाहन के सभी विवरण वाहन का नंबर, चालक व मालिक का नाम नोट करेगा और समीपस्थ स्टेशन मास्टर अथवा खंड अभियंता ;रेलपथद्ध को विवरण और समपार फाटक पर अवरोध के संबंध में संदेश वाहक अथवा अन्य साधन द्वारा संदेश भेजेगा।

इंजीनियरिंग मदः-

1.6 समपार फाटकों पर दृश्यता संबंधी आवश्यकता समपार संपर्क मार्ग पर स्पीड ब्रेकर का प्रावधान और यातायात गणना आदि भारतीय रेलवे स्थाई रेल पथ नियमावली के पैरा 916, 918 919 में वर्णित है।

1.7 समपार फाटक गेट नम्बर 14 "सी" श्रेणी, ट्रैफिक समपार फाटक, स्टेशन के रोक सिगनलों के द्वारा अन्तर्पाशित, टेलीफोन उपलब्ध एवं सामान्य स्थिति सड़क यातायात के लिए खुला

1.7.1 सामान्य- समपार फाटक संख्या-14 का संचालन

1. यह फाटक इंटरलाक्ड है और पावर ऑपरेटेड लिफिटिंग बैरियर द्वारा संचालित है।

गेट ऑपरेटिंग पैनल का विवरण इस प्रकार है-

क. गेट आपरेटिंग पैनल पर उपलब्ध बटन-

(i) पैनल लॉक करने की चाबी।

(ii) गेट खोलने के लिये हरा बटन।

(iii) गेट बंद करने के लिये लाल बटन।

(iv) सड़क यातायात नियंत्रित करने या नार्मल/रिवर्स स्विच।

(v) सभी सिगनलो को ऑन करने हेतू आपातकालिन स्विच।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

ख. <u>गेट ऑपरेटिंग पैनल पर उपलब्ध संकेत-</u>

(i) सडक यातायात के लिये ऑन और ऑफ संकेत।

(ii) फाटक बंद करने के लिये संकेत।

(iii) फाटक खोलने के लिये संकेत।

(iv) पावर ऑन संकेत।

2. क. <u>आपात स्थिति में सिगनल ऑन करने की प्रक्रिया</u> -गेट पैनल पर सिगनलों को ऑन स्थिति में करने के लिये आपात स्विच उपलब्ध है। सिगनल ऑफ होने के बाद यदि गेटमैन टै्क पर कोई अवरोध या आपात स्थिति देखता है, गेटमैन आपात स्विच को नार्मल स्थिति से रिवर्स स्थिति में कर देगा जिससे की संबंधित सिगनल ऑन स्थिति में हो जाये।

ख. <u>सडक यातायात के लिये लगे गेट सिगनल को गेट खुला होने पर ऑन करने की प्रक्रिया-</u>ः:गेट सडक यातायात के लिये खुला होने तथा रोड सिगनल ऑफ स्थिति में रहने पर यदि गेटमैन को किसी आपात स्थिति के कारण रोड सिगनल को ऑन में करने की आवश्यकता पड़ती है तब गेटमैन रोड सिगनल स्विच को नार्मल स्थिति से रिवर्स में करेगा रोड सिगनल स्विच को नार्मल स्थिति सें रिवर्स स्थिति में करेगा रोड सिगनल ऑन हो जायेगा।

3. <u>गेट खोलने /बंद करने की प्रक्रिया-</u>

(i) <u>गेट बंद करने की प्रक्रिया</u> -ः:गेट मैन गाडी के आगमन/प्रस्थान की सूचना मिलने के बाद यह सुनिश्चित करेगा कि कोई अवरोध या वाहन टैक पर नही और गेट सड़क यातायात के लिये बंद करेगा, तब गेटमैन, गेट ऑपरेटिंग पैनल पर उपलब्ध लाल बटन को पूरा बंद होने तथा बंद संकेत दिखाई देने तक दबायेगा।गेट सडक यातायात के लिये बंद एवम् तालित होने पर बंद संकेत गेट आपरेटिंग पैनल पर प्रदर्शित होने लगेगा।

(ii) <u>गेट खोलने की प्रक्रिया-ः:</u> समपार फाटक से गाडी गुजरने के बाद, गेटमैन कार्यरत स्टेशन मास्टर को गेट सडक यातायात के लिये खोलने हेतू सूचना देगा। स्टेशन मास्टर स्टैशन पैनल से कंट्रौल रिलिज करेगा, गेट पर रिलीज संकेत आने पर गैटमैन हरा बटन को गेट खोलने के लिये, गेट पूर्ण रूप से खुलने व गेट ऑपरेटिंग पैनल पर गेट खुले होने के संकेत प्राप्त होने तक दबायेगा।<u>नोट-</u> गेट को सडक यातायात के लिये बंद करने से पहले गेटमैन सुनिश्चित करेगा की कोई वाहन या कोई अवरोध ट्रैक या बैरियर के मध्य नही है आर तब वह गेट बंद करना हेतू बटन दबायेगा। जैसे ही गेटमैन बटन दबायेगा हूटर बजना शुरू हो जायेगा जो कि गेट के बंद होने ओर रोड सिगनल लाल प्रर्दशित होने पर जो कि सड़क उपयोगकर्ता के लिये गेट बंद का संकेत है, स्वतः ही बंद हो जायेगा।गेट सडक यातायात के लिये खुला होने पर रोड सिगनल पीला संकेत प्रर्दशित करेगा।

(iii) <u>गेट आधी खुली अवस्था में रोकने/बंद करने की प्रक्रिया-ः:</u> जब गेटमैन गेट बंद कर रहा हो और आंशिक रूप से बंद हुआ हो, उसी समय गेटमैन गेट को गेट बंद करने की प्रक्रिया को रोकने की आवश्यकता हो तो, तब वह बटन को रिलिज कर देगा गेट उसी अवस्था में रूक जायेगा। यदि वह दुबारा बंद करना चाहता है तो, वह उसी बटन को दुबारा दबायेगा।

(iv) <u>आपात स्थिति में क्रैंक हैण्डिल का उपयोग-ः:</u> जब गेट बटन द्वारा आपरेट नही हो तो गेटमैन कॉच के बक्से का सील तोड़कर क्रैंक हैण्डिल निकालेगा तब वह बूम लॉक स्टैन्ड में से चाबी लगाकर अनलॉक करेगा और तब वह क्रैक हैडल द्वारा बूम को जरूरत के अनुसार खोलना /बंद करना करेगा। क्रैक हैंण्डिल के उपयोग के बाद सिगनल विभाग के कर्मचारी को क्रैक हैण्डिल बॉक्स सील करने की सूचना देगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

4. <u>स्लाइडिंग बूम की कार्यप्रणाली-०:</u>

1. <u>स्लाइडिंग बूम द्वारा गेट को बंद करने की प्रकिया</u>-इस गेट पर प्रत्येक साइड पर पावर ऑपरेटेड लिफिटिंग बैरियर के साथ एक अतिरिक्त स्लाइडिंग बूम उपलब्ध है। प्रत्येक स्लाइडिंग बूम वर्तमान स्थित पावर ऑपरेटेड बूम के साइड के सामान्तर लगा रहेगा और सामान्यतः इस प्रकार स्थित रहेगा की स्लाइडिंग बूम का पुरा भाग सडक से दूर रहे अर्थात स्लाइडिंग बुम का कोई भाग सामान्यतः सडक पर स्थित नही रहेगा ।उपयोग किया स्लाइडिंग बूम को आपात स्थिति में उपयोग हेतु स्थिापित किया गया है। जब पावर ऑपरेटेड लिफिटिग बूम खराब है या संकेत किसी कारण से प्राप्त नही हो पा रहे हे। समान्यतः अपने पोस्ट से पैडलॉक के साथ लॉक रहेगा लॉक के अन्दर की चाभी बूम स्टैण्ड पर उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक स्लाइडिंग बूम पर स्टॉप बोर्ड लगा हुआ है गेट को बंद /खोलने के उपरांत या गेट खुली स्थिति में रहने पर निम्नलिखित स्थिति हो सकती है।

क. जब गेट बैरियर खोलने या बंद करने के दौरान खराब हो जाय या गेट खुली अवस्था में हो ।

ख. जब कभी गेट खोलन/बंद करने के दौरान टुट जाये ऐसी स्थिति में गेटमैन कार्यरत स्टेशन मास्टर को सूचित करेगा जो कि उस सूचना को खराब बैरियर सही करने के लिये सिगनल विभाग के कर्मचारी को सूचित करेगा।

ग. जब किसी कारण से बंद संकेत खराब हो जाय- गेटमैन कार्यरत स्टेशन मास्टर द्वारा विशिष्ट निर्देश प्राप्त करने के बाद उपलब्ध रोक स्वीच का घुमाकर रिर्वस में करेगा जिससे रोड सिगनल लाल हो जायेगा और वह स्लाइडिंग बूम बंद करना शुरू करेगा गेट मैन को स्टेशन मास्टर द्वारा आवश्यक निर्देश मिलने के बाद रोड सिगनल को ऑन में करने के लिये दिये गये स्विच को रिवर्स करेगा तथा इसके बाद 'ए' साइड के स्लाइडिंग बूम को बन्द करेगा और स्लाइडिंग बूम को स्टैण्ड तक खीचेगा और चाबी को 'एक्स' मार्क बूम स्टैण्ड में लगाकर लॉक कर देगा जिससे 'वाई' चाबी रिलीज हो जायेगी। फिर 'बी' साइड के स्लाइडिंग बूम को खीचेगा। 'वाई' चाबी को लॉक में लगाकर घड़ी के अनुसार घुमायेगा। जिससे 'बी' साइड का बूम भी लॉक हो जायेगा और तीसरी चाबी 'जेड' रिलीज हो जायेगी इस चाबी को लेकर गेटमैन गेटलॉज मे रखे टी-2/केएलसीआर में लगाकर घुमाय्रेगा। जिससे बैरियर स्विच रिवर्स पोजीशन में आ जायेगा और गेट कन्ट्रोल रिले क्रियाशील हो जायेगी।

<u>स्लाइडिंग बूम को खोलने की प्रणाली:-</u>

गाडी गुजरने के बाद गेटमैन सड़क यातायात निकालने के लिये स्टेशन मास्टर से आवश्यक निर्देश प्राप्त करेगा। गैटमैन बैरियर स्विच को सामान्य स्थिति में करेगा जिससे गेट सिगनल खतरा स्थिति में हो जायेगा। टी-2/केएलसीआर से 'जेड' चाबी निकालकर 'ज़ेड' चाबी को 'बी' साइड के बूम के लगाकर खोलेगा जिससे 'वाई' चाबी निकल आयेगी अब इसी प्रकार 'वाई' चाबी की सहायता से 'ए' साइड के बूम को 'बी' साइड के बूम की प्रक्रिया के अनुसार खोलेगा। इसके बाद रोड सिगनल स्विच को सड़क यातायात निकालने के लिये सामान्य स्थिति में करेगा और सड़क यातायात क्लियर करेगा।

<u>समपार फाटक गेट नम्बर 14"सी" श्रेणी ,टैफिक समपार फाटक ,स्टेशन के रोक सिगनलो के द्वारा अन्तपार्शित ,टेलिफोन उपलब्ध सड़क यातायात के लिये खुला।</u>

1 <u>प्रचालन की पद्घति:-</u>

(i) इस समपार फाटक की सामान्य स्थिति सड़क यातायात के लिये खुली है। इसमें उठने वाले नाके लगे है।

(ii) समपार फाटक पर कार्यरत फाटक वाला अप/डाउन गाड़ियो के आगमन एवं प्रस्थान हेतु एवं फाटक की ओर शंटिग के समय उठने वाले नाको द्वारा फाटक को सड़क यातायात के लिये बंद करने के लिये उत्तरदायी है।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(iii) समपार फाटक वीडीयू द्वारा नियन्त्रित किया जाता है। इसकी सामान्य स्थिति सड़क यातायात के लिये खुला है जो फाटक के ऊपर एक वृत्ताकार झिलमिलाती पीली बत्ती द्वारा संकेत वीडीयू पर दर्शायी गयी है।

(iv) यह समपार फाटक अन्तपार्शित है और सिगनलों द्वारा सभी अप व डाउन गाड़ियों को संरक्षित करता है। सिगनल जब तक 'ऑफ' नही होगा जब तक कि फाटक सड़क यातायात के लिये बंद व तालित न कर दिया गया हो और कंट्रोल वीडीयू को स्थानान्तरित कर दिया गया हो।

(v) जब गाडी के आगमन व प्रस्थान के लिये सिगनल को "ऑफ" करने की आवश्यकता हो तो कार्यरत स्टेशन मास्टर समपार फाटक से गुजरने वाली गाडी के गाडी क्रमांक, विवरण, दिशा एवं सम्भावित समय के बारे में गेटमेन को सूचित करेगा, ऐसी सूचना प्राप्त कर गेटमेन समय से गेट को बन्द करेगा।

(vi) गाडी संचालन हेतु गेट बन्द की सूचना मिलने के बाद गेटमैन सडक यातायात निकालने के गेट बैरियर का लाल बटन दबाकर गेट बन्द करेगा जिससे कि गेट ऑपरेटिंग पैनल पर संचालन पूरा होने के बाद बन्द इंडीकेशन प्रदर्शित होगा इसके बाद गेटमैन ड्यूटी वाले स्टेशन मास्टर को सूचित करेगा कि गेट बन्द कर दिया है गेट खोलनेहेत गेटमैन स्टेशन मास्टर से गाडी के बारे में पूछेगा यदि कोई गेट की तरफ आने वाले नही है तो गेट ऑपरेटिंग पैनल पर हरा बटन दबाकर बैरियर खोल देगा और गेट ऑपरेटिंग पैनल पर हरी बत्ती प्रदर्शित हो जायेगी।

(vii) फाटक वाले से ऐसी सूचना प्राप्त करने के बाद व वीडीयू पर बंद संकेत देखकर (वृत्ताकार सफेद झिलमिलाती बत्ती) कार्यरत स्टेशन मास्टर वीडीयू के संचालन द्वारा नियंत्रण को वापस ले लेगा, और वीडीयू पर सफेद बत्ती स्थिर हो जायेगी तब आवश्यक सिगनलों को ऑफ किया जा सकता है।

(viii) गाड़ी के आगमन/प्रस्थान के बाद कार्यरत स्टेशन मास्टर वीडीयू पर प्रदर्शित समपार फाटक पर क्लिक करके नियंत्रण को रिलीज करेंगे और टेलीफोन द्वारा फाटक वाले को सड़क यातायात निकालने के लिये व फाटक को खोलने के लिये निर्देशित करेंगे। एक दर्शनीय "मुक्त संकेत" भी फाटक पर गेटमैन को गेट खोलने के लिये दिखाई देगा।

(ix) कार्यरत स्टेशन मास्टर से गेट को खोलने की सूचना प्राप्त कर गेटमैन "फ्री इंडीकेशन" को देखकर गेटमैन सड़क यातायात को निकालने के लिये गेट को खोल देगा।

(x) कार्यरत पैनल सहा. स्टेशन मास्टर के गेट खोलने के उपरोक्त निर्देश मिलने के बाद एवं "मुक्त संकेत" देखने के बाद गेटमैन हरे बटन को जब तक दबाये रखेगा जब तक कि गेट सड़क यातायात के लिये नही खुल जाता तथा गेट पैनल पर संकेत प्राप्त नही हो जाता।

(xi) <u>गेट को आधीखुली स्थिति में रोकना/बंद करना:-</u>जब फाटकवाला गेट बंद कर रहा हो और आधा बंद हो गया हो इसी बीच यदि गेट को बंद करना या रोकना हो तब वह बटन को रिलीज करेगा और बैरियर उस स्थिति में रूक जायेगें। यदि वह पुनः गेट बंद करना चाहे तो उसे उस बटन को पुनः दबाना होगा।

(xii) <u>गेट पर विद्युत आपूर्ति के विफल हो जाने पर गेट का संचालन (आपातकाल क्रैक हैडिंल का उपयोग करना):-</u>
विद्युत संचालन के विफल हो जाने की स्थिति में जब फाटक बटन द्वारा संचालित नही हो रहा है तब गेटमैन क्रैक हैडिंल को निकालेगा और सील बंद कॉच के बाक्स से चाबी निकालेगा। तब फाटक को क्रैक हैडिंल द्वारा बंद अथवा खोलना जैसा भी, आवश्यक हो करेगा, क्रैक हैडिंल के उपयोग के बाद वह एस एण्ड टी स्टाफ को सूचित करेगा व क्रैक हैडिंल बाक्स को पुनः सील करायेगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

2. **गेटमैन को सूचना:**

(i) प्रस्थान/आगमन सिगनल को ऑफ करने से पूर्व स्टेशन मास्टर उस छोर के फाटक वाले को टेलीफोन द्वारा गाड़ी संचालन के विषय में जो कि समपार फाटक की ओर चलने वाली हो, के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी देगा।

(ii) गेटमैन, गेट पैनल पर संकेत को देखेगा और गेट बन्द करेगा और यातायात के विरूद्व गेट बंद करने की सूचना स्टेशन मास्टर को देगा

(iii) तब आगमन/प्रस्थान सिगनल ऑफ किये जायेंगे।

(iv) स्टेशन मास्टर यह सुनिश्चित करने के क्रम में कि सड़क यातयात अधिक समय तक रूका न रहे, गेटमैन को गेट बन्द करने के लिए सूचित करने से पूर्व अवश्य सुनिश्चित करेगें कि गांड़ी प्रस्थान हेतु सब प्रकार से तैयार है।

(v) जब किसी गाड़ी का स्टेशन यार्ड की ओर से पायलट अथवा शंटिंग संचलन किया जाना है तो समपार के आर-पार पायलट करने अथवा शंटिंग करने के लिए प्रति नियुक्त कर्मचारी समपार फाटक के आर-पार किसी संचालन को अनुमत करने पूर्व यह सुनिश्चित करने के लिए कि गेट सड़क यातायात के लिए बन्द है, व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी हैं।

3. **टेलीफोन संचार विफलता:-**

यदि दूरभाष संचार विफल हो जाये अथवा 2-3 प्रयास के बाद भी गेटमैन की ओर से कोई जबाब नही मिलता तो निम्नाकिंत कार्यपद्धति अपनायी जायेगी।

(i) कायर्रत स्टेशन मास्टर पोर्टर/पो0मैन द्वारा गेटमैन को लिखित सूचना सम्पूर्ण विवरण गाड़ी नम्बर,, विवरण दिशा आदि से भेजेंगे।

(ii) गेटमैन ऐसी सूचना मिलने पर गेट बन्द करेगा और स्टेशन मास्टर को गेट कंट्रोल प्रेषित (ट्रंासमिट) करेगा जिससे आगमन/प्रस्थान सिगनल ऑफ करना सम्भव करेगा।

(iii) यदि गाड़ियों की अधिक आवृति के कारण पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं है तो स्टेशन मास्टर गाड़ी के लोको पायलट को सिगनल ऑन स्थिति में पास होने का लिखित प्राधिकार देंगे।

(iv) इसके साथ ही स्टेशन मास्टर लोको पायलट को, गेट पर सावधानीपूर्वक पहुँचने, लगातार सीटी बजाने के सुझाव सहित सावधानता आदेश जारी करेंगे।

(v) गाड़ी के लोको पायलट को गेटमैन द्वारा हाथ सिगनल देने पर सावधानीपूर्वक समपार फाटक पार करने हेतु निर्देशित किया जायेगा। यदि हाथ सिगनल नहीं दिखाई देता तो लोको पायलट गेट से पहले रूकने के लिए तैयार रहेगा और सुनिश्चित करेगा कि गेट साधारण नियम 3.73(2) (ख) के अनुपालन में बन्द है।

(vi) आने वाली गाड़ी के प्रकरण मंे स्टेशन मास्टर गाड़ी भेजने वाले स्टेशन मास्टर को प्राइवेट नम्बरो के आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेगा कि गेट पर टेलीफोन खराब हो गया है।

(vii) प्रस्थान सिरे के स्टेशन मास्टर अपनी ओर से ब्लाक खण्ड में गाड़ी भेजने से पहले लोको पायलट को सावधानता आदेश जारी करेगें।

(viii) वह उत्तरदायी एस.एण्ड.टी. स्टाफ टेलीफोन की मरम्मत करने/सुधारने के लिए भी सूचित करेगे।

(ix) एस.एण्ड.टी. स्टाफ द्वारा टेलीफोन को सुधारने और पुनः संयोजन/ फिट मैमो देने के बाद ही सामान्य संचालन पुनः आरम्भ होगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

4. **लिफ्टिंग बैरियर की विफलता:**

(i) जब लिफ्टिंग बैरियर की विफलता के कारण गेट बन्द न किया जा सकता हो तो गैटमेन तत्काल कार्यरत स्टेशन मास्टर को प्राइवेट न. आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेगा और सुनिश्चित करेगा कि लिफ्टिंग बैरियर ट्रेक को फाउल नही करता है।

(ii) वह तत्काल दिन के समय लाल बैनर फ्लैग और रात के समय लाल बत्ती जिस ओर से गाड़ी आ रही है। उस और पहले और दूसरी ओर बाद मे, खम्भे पर लगा देगा।

(iii) गेटमैन सड़क यातायात के विरूद्व गेट को संरक्षा चैन और पैडलॉग द्वारा सुरक्षित करेगा।

(iv) गेट को सड़क यातायात के विरूद्व सुरक्षित करने के बाद गेटमैन दिन के समय हरी झण्डी और रात के समय हरी बत्ती, आने वाली गाड़ी के लोको पायलट को दिखायेगा।

(v) कार्यरत स्टेशन मास्टर जाने वाली गाड़ी को सावधानता आदेश जारी करेगा।

(vi) वह प्रस्थान सिरे के स्टेशन मास्टर को भी गाड़ी के लोको पायलट को अपनी ओर से ब्लॉक खण्ड में भेजने से पूर्व उसी तरफ सावधानता आदेश जारी करने के लिए प्राइवेट नं0 आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेगें।

(vii) स्टेशन मास्टर उत्तरदायी मेन्टेनेन्स स्टाफ को लिफ्टिंग बैरियर की शीघ्ा मरम्मत करने/सुधारने हेतु सूचित करेगें।

(viii) मेन्टेनेन्स स्टाफ द्वारा लिफ्टिंग बैरियर की मरम्मत करने के बाद पुनः संयोजन/फिट मैमो देने के बाद ही सामान्य संचालन पुनः आरम्भ होगा।

टिप्पणी:-

(क) जाने और आने वाली गाड़ियों को सिगनल ऑन की हालत में पास करने के लिए नियमित प्राधिकार पत्र जारी किया जायेगा।

5. **रोक सिगनलों का खराब होना:-**

चूकि गेट स्टेशन के रोक सिगनलों के साथ इण्टरलॉक है प्रत्येक गाडी को सावधानता आदेश जारी किया जाना चाहिए और आने वाली तथा जाने वाली गाड़ियों के लोको पायलट को नियमानुसार सिगनलों को ऑन स्थिति में पास करने का प्राधिकार भी दिया जायेगा।

6. **फाटक पर अवरोध:**

(i) यदि गेट सड़क परिवहन द्धारा क्षतिग्रस्त हो जाये तो ट्रेक को उल्लिघत (फाउल) कर रहा हो अथवा यदि लिफ्टिंग बैरियर या गेट का कोई अन्य भाग ट्रेक को फाउल कर रहा हो या गेट पर अन्य कोई अवरोध हो तो गेटमैन तत्काल दिन के समय लाल बैनर फ्लैग और रात के समय रात बत्ती गेट के दोनो ओर इस ओर निमित्त लगे हुए खम्भो पर लगा देगा।

(ii) समपार फाटक पर किसी असमान्य घटना के दौरान किसी गाडी के लिये दिये हुये सिगनल ऑन करने हेतु समपार फाटक पर आपातकालीन स्विच दिया गया है। किसी असामान्य घटना के समय गेट मैन स्विच द्वारा सिगनलों को ऑन कर देगा।

(iii) गेटमैन इसके बाद तत्काल कार्यरत स्टेशन मास्टर को खराबी /अवरोध के बारे में प्राइवेट नं0 आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेगा।

(iv) कार्यरत स्टे.मा. को सुझाव दिया जायेगा कि आगमन/प्रस्थान सिगनलो को ऑन स्थिति में कर दे, यदि किसी गाड़ी के लिए ऑफ किये गये हो।

(v) यदि 2-3 प्रयास के बाद भी स्टेशन मास्टर द्वारा जबाब नहीं मिलता तो वह पहले गेट का बचाव करेगा और तब टेलीफोन पर सूचना देगा।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(vi) तब गेटमैन पटाखे/लाल फ्लैशिंग हाथ सिगनल और दिन के समय लाल झण्डी तथा रात के समय लाल हाथ बत्ती सहित, गाड़ी आने की दिशा में अति वेग से जायेगा और गेटमैन की ड्यूटी सम्बंधी सामान्य अनुदेश के अधीन मद संख्या 1.5 (5) में निर्दिष्ट नियमानुसार गेट का बचाव करेगा।

(vii) उसके बाद वह दूसरी दिशा से भी गेट का बचाव करेगा।

(viii) वह सड़क वाहन के विवरण, चालक, मालिक का नाम नोट करेगा तथा स्टेशन मास्टर को देगा जो कि गाड़ी को तब तक नहीं चलायेगे। जब तक कि गेटमैन द्वारा यह आश्वस्त न कर दिया जाये कि सड़क यातायात लिफ्ंिटग बैरियर ट्रेक को उल्लघित नहीं कर रहा है।

(ix) स्टेशन मास्टर प्रस्थान सिरे के स्टेशन मास्टर को भी प्राइवेट नं0 आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेंगे कि ब्लॉक खण्ड में वह अपनी ओर से कोई गाड़ी न भेजें तब तक कि ट्रैक अवरोध से मुक्त न हो जाये।

(x) ट्रैक अवरोध से मुक्त हो जाने के बाद गेटमैन प्राइवेट नं0 आदान-प्रदान के अन्तर्गत स्टेशन मास्टर को तद्नुसार सूचित करेगा।

(xi) स्टेशन मास्टर सभी गाड़ियों के लोको पायलट को सावधानता आदेश जारी करेगें कि सावधानी से आगे बढ़े और गेट सिगनल को ऑन स्थिति में हरे हाथ सिगनल पर पार करें।यदि गेट क्षतिग्रस्त है, किन्तु अवरोध मुक्त है तो गेटमैन निर्धारित प्रक्रिया द्वारा स्लाइडिग बूम का संचालन करेगा।

(xii) यदि स्लाइडिंग बूम भी खराब हो तो गेटमैन संरक्षा चिन्ह एवं पैडलॉक से गेट को सुरक्षित करेगा और यदि गेट पर अवरोध नहीं है तो हरा हाथ सिगनल दिखायेगा।

(xiii) स्टेशन मास्टर उत्तरदायी स्टेशन मेन्टेनेन्स स्टाफ को लिफ्ंिटग बैरियर की मरम्मत के लिए शीघ्रातिशीघ्र सूचित करेगें।

(xiv) मेंन्टीनेन्स स्टाफ द्वारा खराब लिफ्ंिटग बैरियर को सुधारने एवं पुनः संयोजन/फिट मेमो देने के बाद ही सामान्य संचालन पुनः आरम्भ किया जायेगा।

7. <u>समपार फाटक के समीप ट्रैक पर अवरोध:-</u>

यदि पटरी के टूटने अथवा पेड़ के गिरने, सड़क वाहन द्वारा फाउल किये जाने अथवा डिरेलमैन्ट जो कि गेटमैन को दिखाई पड़ता हो, तो, गेटमैन और स्टेशन मास्टर उपर्युक्त वर्णित मद संख्या 8 के अनुसार कार्य पद्धति अपनायेंगे। यदि अवरोध समपार फाटक को फाउल करता है तो गेटमैन सड़क यातायात के विरूद्ध गेट को बंद रखेगा जब तक कि ट्रैक अवरोध मुक्त न हो जाये।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

परिशिष्ट "क"

समपार फाटक की कार्यप्रणाली

1.1 सामान्य

1.1.1 समपार फाटक का विवरण

1	फाटक संख्या	17
2	श्रेणी	सी
3	इंजीनियरिंग/यातायात फाटक	इंजीनियरिंग
4	अधीन स्टेशन अधी0/रेल पथ निरीक्षक	रेल पथा निरीक्षक /मथुरा जं0(वेस्ट)
5	किमी0 पर स्थित	1418/9-10
6	स्टेशन	राधाकुण्ड
7	स्टेशन मध्य	राधाकुण्ड –गोर्वधन
8	बी0जी0/एम0जी0/एन0जी0	बी0जी0.
9	इकहरी/दोहरी/मिश्रित	इकहरी
10	इन्टरलाक्ड/नानइन्टरलाक्ड	नॉन इन्टरलाक्ड
11	इन्टरलॉकिंग का प्रकार	-
12	गेट सिंगनलों का प्रावधान किलोमीटर	-
13	संचार साधन टेलीफान/घंटी	टेलीफोन एस.एम. राधाकुण्ड से सम्बद्ध
14	फाटक की सामान्य स्थिति	सडक यातायात के लिए खुला
15	सिगनलिंग व्यवस्था	-
16	कर्मचारियों की संख्या	2 (प्रत्येक 12घंटे की पाली)
17	समपार फाटक की चौड़ाई	5.5 मीटर
18	सड़क का प्रकार ;एन.एच./एस.एच./अन्यद्ध	अन्य
19	सड़क का नाम	सोनई –राधाकुण्ड
20	पक्का/कच्चा	पक्का
21	पहुँच मार्ग	पक्का
22	सड़क की चौड़ाई	5.5 मीटर
23	सड़क का क्रोसिंग कोण गेट के लिए	-
24	सड़क का ढ्ाल ;यदि कोई होद्ध (iii) उत्तर/पूर्व की तरफ (iv) दक्षिण/पश्चिम की तरफ	समतल समतल
25	सड़क की सीधाई (सीधा/घुमावदार) (iii) उत्तर/पूर्व की तरफ (iv) दक्षिण/पष्चिम की तरफ	सीधा सीधा
26	हाइट गेज का प्रावधान	हॉ
27	वैरियर का प्रकार	लिफ्टिंग बैरियर
28	चेक रेल की लम्बाई	7.5 मीटर
29	समपार के मध्य सड़क की सतह	पक्का (समतल)
30	रोड़ स्ट्रिप/गति अवरोधक की लम्बाई	सड़क चौड़ाई के अनुसार
31	रोड़ साइन	उपलब्ध है।
32	गति अवरोधक बोर्ड	उपलब्ध है।
33	टी वी यू	12535 मई 2022
34	अग्रिम गणना की तिथि	मई 2025
35	पटाखा सिंगनल लगाने का निर्दिष्ट स्थान	उपलब्ध है।
36	निकटतम रेलवे सहायता केन्द्र	मथुरा रेलवे स्टेशन
37	निकटतम निजी चिकित्सा सहायता की उपलब्धता ;यदि कोई होद्ध	मथुरा/गोर्वधन/राधाकुण्ड
38	उपलब्ध उपकरणों की सूची	संलग्न सूची अनुसार उपलब्ध हैं।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

1.2 समपार पर उपस्करों की सूची

क्रमांक	मद	मात्रा/संख्या
1.	हैन्ड सिगनल बत्ती / ट्राई कलर टार्च	3
2.	हैन्ड सिगनल हरी झंडी	2 डंडी मे लिपटी हुई
3.	हैन्ड सिगनल लाल झंडी	3 डंडी मे लिपटी हुई
4.	लाल बैनर फ्लैग	3
5.	लाल बैनर फ्लैग दिखाने के लिए पोस्टें	2
6.	तालों सहित अतिरिक्त जंजीरें	2 स्टॉप मार्क के साथ
7.	पटाखे	10 (प्लास्टिक के डब्वे में)
8.	फलैशिंग हैण्ड सिगनल (लाल तथा हरा)	1
9.	गेट बत्तियां	2
10.	टॉमी बार	1
11.	मोटर पैन	1
12.	कुदाल/फावड़ा	1
13.	थापी	1
14.	गैंती	1
15.	झंडियों के लिए टिन बॉक्स	1
16.	तेल के लिए कनस्तर	1
17.	पानी के लिए बर्तन/बाल्टी	1
18.	मस्टर रोल के लिए कनस्तर	1
19.	जो गेटमैन चश्मा पहनते है, उनके लिए चश्मे का अतिरिक्त सैट	1
20.	गेट पर रुकावट होने की दशा में समपार गेट रेखाचित्र की सुरक्षा को निर्धारित करने वाला बोर्ड	1
21.	टोकरी	1
22.	सीटी	1
23.	दीवार घड़ी	1
24.	छोटी जंजीर	2

टिप्पणी -1. उन समपार फाटकों पर जो केबिन मास्टर /केबिन मैन /लीवर मैन द्वारा प्रचलित है मद संख्या 11,12 13, 14, 16, 18, 20 एवं 21 के बिना काम चलाया जायेगा ।

1.3 गेट लाज पर रखे जाने वाले अभिलेख

01 फाटक संचालन निर्देश हिन्दी/अंगेजी में
02 गेटमेन नियम पुस्तक हिन्दी/अंग्रेजी में
03 उपकरण एवं पुस्तको की सूची
04 ड्यूटी रोस्टर
05 फाटकवाला का कार्य करने का प्रमाण-पत्र
06 फाटकवाला का विवरण संबंधी बायोडाटा, नेत्रजॉच पास करने की तिथि, प्रारम्भिक/पुनश्चर्या, पाठ्यक्रम संरक्षा शिविर आदि के सहित।
07 दुर्घटना रजिस्टर
08 समपार फाटक पर अन्तिम सड़क यातायात गणना का अभिलेख
09 जन शिकायत पुस्तिका
10 निरीक्षण पुस्तिका
11 संकेत एवं दूरसंचार पंजिका - अन्तपार्शित इंजीनियरिंग गेट के मामले में

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

नितिन
(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

प्रचालन की पद्धति:- समपार के दोनो बूम लिफ्टिंग बैरियर द्वारा परिचालित है इसलिये बूम एक साथ खोले व बन्द किये जाते है।

1.5 **गेटमेन की ड्यूटी:-**

1. सतर्कता- गेटमेन सर्तक रहेगा और किसी खतरे की आशंका होते ही त्वरित कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगा/फाटक की चाबियॉ उसके निजी अभिरक्षा में रहेगी।

2. **गाड़ी पास होते समय गेटमेन की स्थिति:-**

गाड़ियो के गुजरते समय गेटमेन निम्न निर्दिष्ट रीति मे खड़ा रहेगा-

(i) गेटमेन आने वाली गाड़ी के सामने मुह करके गेटलॉज के सामने खड़ा रहेगा।

(ii) गेटमैन दिन के समय लाल और हरी झंडी अलग-अलग डंडे पर लपेटी/समेटी हुई क्रमशः दाये और वाये हाथ में पकड़े रहेगा।

(iii) गेटमैन रात के समय सफेद प्रकाश युक्त हाथ बत्ती रेलपथ की ओर करके पकड़े रहेगा।

(iv) वह अपने गले में एक डोरी लगी हुई सीटी लटकाये रहेगा।

3. **गेटमेन की नियमित ड्यूटी:-**

(i) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि जब भी अन्तर्तपार्शित गेट सड़क यातायात के लिये खुला होगा अथवा आपातकाल के दौरान या गेट पर अवरोध के दौरान लाल बैनर फ्लैग/लाल बत्ती रेलपथ के एक छोर से दूसरे छोर तक लगी है।

(ii) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि गेटलैम्प और सभी गेट सिगनलो की बत्तियां प्रकाशित है तथा सूर्यास्त से सूर्योदय तक जलती रहती हैं।

(iii) गेटमेन ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन कड़ाई के साथ करेगा और तब तक गेट नही छोड़ेगा जब तक कि रिलीवर न आ जाये तथा कार्यभार ग्रहण न कर लें। यदि आपातकालीन स्थिति मे ेिं गेट छोड़ना ही पड़े तो उसे गेट छोड़ने से पूर्व फाटकों को सड़क यातायात के विरूद्ध बन्द करके ताला अवश्य लगा देना चाहिए।

(iv) जहॉं किसी विशिष्ट अनुदेशो के अनुसार छूट है को छोड़कर गेटमैन सभी गुजरती हुई गाड़ियों को ध्यान से देखेगा और गाड़ियों की संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही करने हेतु तैयार रहेगा।

(v) गेटमेन सभी गुजरने वाली गाड़ियों को अत्यन्त सावधानीपूर्वक देखेगा और किसी भी असामान्य स्थिति जैसे गरम धुरा, लटकती हुई चैन, लटकती हुई बैटरी, अन्य वाहन/ वैगन/ ट्रेन, बैटरी बॉक्स में लगी आग, लोड का खिसकना, गिरती हुई चीज जैसे-ब्रेक ब्लॉक, ब्रेक बीम, संरक्षा ब्रैकेट, निर्वात सिलेण्डर या अन्य स्थिति जो संरक्षित गाड़ी संचालन में खतरा पैदा कर सकते है उनका तीव्र एवं सावधानी पूर्ण निरीक्षण करेगा।

(vi) गेटमेन किसी सिगनल को दुहराने के लिए भी तैयार रहेगा, जो गार्ड द्वारा लोको पायलट को वाकी-टाकी या अन्य साधन द्वारा दिया जा सकता है।

(vii) यदि लिफ्टिग बैरियर क्षतिग्रस्त अथवा अव्यस्थित हो तो गेटमेन अतिरिक्त चैन को डिस्क एवं पैडलॉक सहित सड़क यातायात के विरूद्ध फाटक को सुरक्षित करने के लिए प्रयोग मे लायेगा।

(viii) गेटमेन स्टेशन मास्टर, गैगमेट या खण्ड अभियंता/रेलपथ को गेट अथवा उससे संबंधित उपकरण में किसी भी खराबी की सूचना शीघ्रातिशीघ्र देगा।

(ix) गेट सिगनल खराब हो जाने की दशा में गेटमैन सिगनल को ऑन की स्थिति में रखेगा चाहे उसे सिगनल से तारो को अलग करना पड़े।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(x) गेट के सिगनल खराब हो गये हो, गेटमैन गाड़ी को देखते ही लिफ्टिंग बैरियर बंद करेगा और ताला लगा देगा तथा गाड़ी को हाथ सिगनल दिखाकर या पायलट करके खराब सिगनल को पार करेगा। ऐसे मामले में अगले स्टेशन पर रिर्पोट करने के लिये लोको पायलट को सूचित करेगा।

(xi) गेटमेन जब समपार फाटक पर ड्यूटी पर हो तो बैज तथा निर्धारित यूनिफार्म पहनेगा।

(xii) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि जब वह ड्यूटी पर है उसके पास सक्षमता प्रमाण पत्र है।

(xiii) गेटमेन फाटक संचालन निर्देशों के अनुरूप कार्य करेगा और इन अनुदेशों से भलीभाँति अवगत बना रहेगा।

(xiv) गेटमेन सुनिश्चित करेगा कि गेट पर आपूर्ति किए गये उपस्कर अच्छी हालत में हैं और तत्काल प्रयोग के लिए तैयार हैं।

(xv) गेटमेन देखेगा कि पहिए की कोर (फ्लेंज) के लिए पथ (चैनल) साफ रखा गया है।

(xvi) गेटमैन कच्ची सड़क की ऊपरी सतह को अच्छी तरह से पानी का छिड़काव एवं दुरमुस करेगा।

(xvii) गेटमेन यह देखने के लिए चौकस रहेगा कि सड़क उपयोगकर्ता को गेट बंद होने के कारण कम से कम असुविधा हो।

(xviii) विद्युतीकरण (इलेक्ट्रीफाइड) खण्ड में गेटमैन यह सावधानीपूर्वक देखेगा कि सड़क वाहन/जानवर जो समपार से पास हो रहे है, वे समपार के दोनो ओर लगे हुये ऊँचाई लदान मापी के अन्दर है

(xix) गेटमेन व्यक्तियो अथवा पशुओ के अतिचार (ट्रेस पासिंग) को रोकने का हर संभव प्रयास करेगा।

4.0 <u>गाड़ियो में असमान्य घटना के प्रकरण मे कार्यवाही-</u>

यदि फाटकवाला किसी पास हो रही गाड़ी में कोई असामान्य बात देखता है तो वह निम्नवत कार्यवाही करेगा:-

(i) वह गुजरती हुई गाड़ी के लोको पायलट और गार्ड को सचेत करने के लिये दिन में लाल झंडी और रात में लाल बत्ती दिखाकर त्वरित कार्यवाही करेगा।

(ii) ट्रेन पार्टिंग के मामले में गेटमैन रूकने का लाल हाथ सिगनल नही दिखाएगा, परन्तु ट्रेन पार्टिंग के लिये निर्धारित सिगनल दिन में हरी झंडी और रात में सफेद बत्ती लम्ब रूप में ऊपर नीचे करते हुये हिलायेगा।

(iii) वह साथ-साथ लोको पायलट तथा गार्ड का ध्यान आकर्षित करने के लिये लगातार सीटी बजाकर, बोलते समय हाथो की मुद्रा से हाव-भाव अभिव्यक्त करके ब्रेकवान पर गिट्टी फेंककर अथवा अन्य साधन द्वारा लोको पायलट तथा गार्ड का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास करेगा।

(iv) यदि लोको पायलट और गार्ड ध्यान देने में विफल रहते है तो गेटमैन स्टेशन मास्टर को, यदि टेलीफोन द्वारा सम्बन्ध है, समुचित कार्यवाही हेतु प्राइवेट नम्बर आदान-प्रदान के अन्तर्गत तत्काल सूचित करेगा।

5.0 <u>आपातकालीन स्थिति में समपार फाटक पर की जाने वाली कार्यवाही</u>

(i) समपार फाटक पर कोई अवरोध आ जाने पर गेटमैन गेट सिगनल को ऑन स्थिति मे रखेगा।

(ii) इसके उपरान्त यदि फाटकवाला अवरोध हटाने में सक्षम नहीं है तो वह स्टेशन मास्टर को टेलीफोन पर प्राईवेट नम्बर का आदान-प्रदान करते हुए फाटक की खराबी/अवरोध के बारे में तत्काल सूचित करेगा

(iii) यदि दो या तीन प्रयासों के बाद भी स्टेशन मास्टर कोई प्रत्युत्तर नहीं देते हैं तो फाटकवाला सर्वप्रथम समपार फाटक को संरक्षित करने के बाद पुनः टेलीफोन से सूचित करेगा।

(iv) समपार फाटक पर किसी असमान्य घटना के दौरान किसी गाडी के लिये दिये हुये सिगनल ऑन करने हेतु समपार फाटक पर आपातकालीन स्विच दिया गया है। किसी असामान्य घटना के समय गेट मैन स्विच द्वारा सिगनलों को ऑन कर देगा।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

गेटमैन लाइन/फाटक का बचाव निम्नवत् करेगा

(क) इकहरी लाइन खंड पर

(i) गेटमैन दिन के समय एक लाल बैनर फ्लैग तथा रात के समय एक लाल बत्ती अवरोध स्थल से 5 मीटर की दूरी पर इस निमित्त यथोचित लगाये गये खम्भों पर लगा देगा। जिस ओर से गाड़ी आने की संभावना है उस ओर का बचाव वह पहले करेगा।

(ii) तब वह उसी प्रकार से दूसरी ओर का भी बचाव करेगा।

(iii) तब गेटमैन फाटक के बचाव के लिये पटाखे, लाल फ्लैशिंग हाथ सिगनल और दिन के समय लाल झंडी एवं रात के समय लाल हाथ बत्ती के साथ-साथ आगे जायेगा।

(iv) गेटमैन दिन के समय लाल झंडी एवं रात के समय लाल हाथ बत्ती दिखाते हुये उस ओर जिधर से गाड़ी आने की संभावना पहले हो 600 मीटर पर एक पटाखा लगा देगा, उसके बाद वह समपार फाटक से 1200 मीटर तथा जायेगा और ट्रैक पर 3 पटाखे 10-10 मीटर की दूरी पर लगायेगा। इस प्रकार लाइन का बचाव करने के बाद वह रास्ते के मध्य स्थित पटाखे को उठाते हुये फाटक पर वापस आ जायेगा।

(v) उसके बाद वह दूसरी दिशा की ओर लाल हाथ सिगनल दिखाता हुआ आगे जायेगा और उपर्युक्त उप पैरा (iv) में वर्णित नियमानुसार पटाखे लगायेगा और अवरोध स्थल पर वापस लौटते समय रास्ते के मध्य स्थित पटाखे को उठा लेगा।

(vi) समपार फाटक पर वापस आ जाने के बाद अवरोध को हटाने के लिये कदम उठायेगा तथा आने वाली गाड़ी के लोको पायलट को सचेत करेगा।

(vii) यदि गेटमैन यह देखता अथवा सुनता है कि गाड़ी आने वाली है जब कि वह बचाव करने के रास्ते में ही है तथा निर्धारित दूरी जहां पटाखे लगने है, से पहले तो वह जितनी दूर जा सकता है वहां लाइन पर पटाखे लगा देगा।

(viii) उसके बाद वह लोको पायलट को सचेत करने के लिये लाल फ्लैशिंग हाथ सिगनल जलायेगा और स्थिर रखेगा आने वाली गाड़ी को दिन में लाल झडी और रात के समय लाल हाथ बत्ती बारम्बार हिला कर रोकेगा।

<u>टिप्पणी:-</u> वे समपार फाटक जो स्टेशन के सबसे बाहरी सिगनलों के मध्य स्थिति है। उपर्युक्त उप पैरा 4 में वर्णित नियमानुसार पटाखे लगाने से मुक्त है।

(ख) <u>गेटमैन द्वारा की जाने वाली अन्य कार्यवाही:-</u>

(i) गेटमेन रात के समय दो हाथ सिगनल बत्तियाँ जलायेगा और लाल बत्ती दिखाने/प्रदर्शित करने तथा उप पैरा न. कें (क)एवं (ख) वर्णित नियमानुसार लाइन का बचाव करने संबंधी कार्यवाही करेगा।

(ii) यदि गेट सडक वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया हो जो ट्रैक उल्लंघित कर रहा हो अथवा लिफ्टिग बैरियर या अन्य कोई भाग ट्रैक को उल्लंघित कर रहा हो या समपार फाटक पर कोई अन्य अवरोध हो तो गेटमेन त्वरित कार्यवाही करेगा।

(iii) वह सड़क वाहन के सभी विवरण वाहन का नंबर, चालक व मालिक का नाम नोट करेगा और समीपस्थ स्टेशन मास्टर अथवा खंड अभियंता ;रेलपथद्ध को विवरण और समपार फाटक पर अवरोध के संबंध में संदेश वाहक अथवा अन्य साधन द्वारा संदेश भेजेगा।

<u>इंजीनियरिंग मद:-</u>

1.6 समपार फाटकों पर दृश्यता संबंधी आवश्यकता समपार संपर्क मार्ग पर स्पीड ब्रेकर का प्रावधान और यातायात गणना आदि भारतीय रेलवे स्थाई रेल पथ नियमावली के पैरा 916, 918 919 में वर्णित है।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

समपार फाटक 17 , सी श्रेणी इंजीनियरिंग समपार फाटक नॉन इन्टरलॉक्ड , टेलीफोन उपलब्ध एवं सामान्य स्थिति सड़क यातायात के लिये बंद

1. **प्राइवेट नंबरो का आदान-प्रदान:-**

(i) गेटमैन फाटक खोलने के लिये स्टेशन मास्टर से अनुमति लेगा।

(ii) यदि सड़क यातायात को निकालने के लिये गेट खोला गया है तो गेटमैन स्टेशन मास्टर के साथ प्राइवेट नम्बर की अदला-बदली करेगा और सुनिश्चत करेगा कि गाडी गेट से पूरी निकल गई है उसके बाद स्टेशन मास्टर गेटमैन से गेट को खोलने की अनुमति देगा। स्टेशन मास्टर किसी गाडी को लाइन क्लीयर देने से पहले ऐसी स्थिति में ब्लॉक खण्ड मे सड़क यातायात के लिये गेट बन्द है कि पुष्टि प्राइवेट नम्बर कि अदला-बदली करके करेगा।

(iii) समुचित प्रविष्टि लाल स्याही से ट्रेन सिगनल रजिस्टर, प्राइवेट नंबर बुक और लॉग बुक में स्टेशन मास्टर द्वारा की जायेगी।

(iv) सड़क यातायात निकलने के बाद गेटमैन फाटक बंद करेगा और इसकी पुष्टि स्टेशन मास्टर से प्राइवेट नंबर आदान-प्रदान के अंतर्गत करेगा।

(v) ब्लॉक खण्ड में दुबारा किसी गाडी को प्रवेश की अनुमति से पूर्व स्टेशन मास्टर यह सुनिश्चित करेगा कि गेटमैन द्वारा गेट बंद कर दिये जाने के प्रमाण के रूप में उससे प्राइवेट नम्बर प्राप्त कर लिया गया है।

(vi) एक बार बंद किया गया फाटक गाड़ी/गाड़ियों के पास होने पर अथवा गाड़ी संचालन योजना में परिवर्तन किये जाने आदि में स्टेशन मास्टर की अनुमति से सड़क यातायात की निकासी के लिये जैसा आवश्यक हो, गेटमैन द्वारा खोला जा सकता है। स्पष्ट रूप से यह तभी किया जा सकता है जब प्राइवेट नंबरों का आदान-प्रदान नियंत्रक स्टेशन मास्टर से किया जायेगा जो सुनिश्चित करेंगे कि समपार की ओर कोई गाड़ी संचलन नहीं है।

2. **टेलीफोन संचार विफलता:-**

यदि दूरभाष संचार विफल हो जाये अथवा 2-3 प्रयास के बाद भी गेटमैन की ओर से कोई जवाब नहीं मिलता तो निम्नांकित कार्य-पद्धति अपनाई जायेगी-

(i) प्रस्थान सिरे के स्टेशन मास्टर अपनी ओर से ब्लॉक खण्ड में गाडी भेजने से पूर्व लोको पायलट को सावधानता आदेश जारी करेंगे।

(ii) सावधानता आदेश, लोको पायलट को लगातार सीटी बजाने और गेट पर सावधानीपूर्वक पहुॅचने का सुझाव देगा।

(iii) गाड़ी के लोको पायलट को गेटमैन द्वारा हाथ सिगनल देने पर सावधानीपूर्वक समपार फाटक पार करने हेतु निर्देशित किया जायेगा। यदि हाथ सिगनल नहीं दिखाई देता तो लोको पायलट गेट से पहले रूकने के लिए तैयार रहेगा और अपने सहायक लोको पायलट को फाटक की स्थिति देखने के लिये प्रतिनियुक्त करेगा। यदि गेट बन्द है तो ऑल राइट सिगनल देगा और यदि गेट बन्द नही है तो सहायक लोको पायलट गेट को अवश्य बन्द करेगा और तब ऑल राइट सिगनल देगा। सहायक लोको पायलट की अनुपस्थिति में लोको पायलट गार्ड की सहायता ले सकता है और समपार को अवरोध मुक्त करके सहायक लोको पायलट को लेने के लिये रूकेगा सड़क यातायात पारण के लिये गेट को पुनः खोलेगा।

(iv) आने वाली गाड़ी के प्रकरण में स्टेशन मास्टर प्रस्थान सिरे पर स्टेशन मास्टर को प्राइवेट नम्बर आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेगा कि गेट का टेलीफोन खराब है।

(v) प्रस्थान सिरे के स्टेशन मास्टर अपनी ओर से ब्लाक खण्ड में गाड़ी भेजने से पहले लोको पायलट को सावधानता आदेश जारी करेगें।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(vi) स्टेशन मास्टर ,गैगमैन/पेट्रोलमैन अथवा पहली गाडी के लोको पायलट द्वारा गेटमैन को भी सूचना देगे की टेलिफोन खराब हो गया है।

(vii) वह उत्तरदायी एस.एण्ट.टी. स्टाफ को टेलीफोन मरम्मत करने गेट खराबी शीघ्र दूर करने के लिये सूचित करेंगे।

(viii) एस एण्ड टी स्टाफ द्वारा टेलीफोन को सुधारने और पुनः संयोजन/फिट मेमो देने के बाद ही सामान्य संचालन पुनः आरम्भ होगा

3. लिफ़्टिग बैरियर की विफलता:-

(i) जब लिफ़्टिग बैरियर अथवा लीफगेट की विफलता के कारण गेट बंद न किया जा सकता हो तो गेटमैन तत्काल कार्यरत स्टेशन मास्टर को प्राइवेट नंबर के आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेगा और सुनिश्चित करेगा कि लिफ़्टिग बैरियर ट्रैक को फाउल नहीं करता है।

(ii) वह तत्काल दिन के समय लाल बैनर फ़लैग और रात के समय लाल बत्ती जिस ओर से गाड़ी आ रही है उस ओर पहले और फिर दूसरी ओर बाद में, खम्भे पर लगा देगा।

(iii) गेटमैन सड़क यातायातक विरूद्ध गेट को सेफ्टी चैन और पैडलॉक द्वारा सुरक्षित करेगा।

(iv) गेट को सड़क यातायात के विरूद्ध सुरक्षित करने के बाद गेटमेन दिन के समय हरी झण्डी और रात के समय हरी बत्ती, आने वाली गाड़ी के लोको पायलट को दिखायेगा।

(v) कार्यरत स्टेशन मास्टर जाने वाली गाड़ी को सतर्कता आदेश जारी करेंगें।

(vi) वह प्रस्थान सिरे के स्टेशन मास्टर को भी गाड़ी के लोको पायलट को अपनी ओर से ब्लॉक खण्ड में भेजने से पूर्व उसी तरह सतर्कता आदेश जारी करने के लिए प्राइवेट नं. आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेंगें।

(vii) स्टेशन मास्टर उत्तरदायी मेन्टेनेन्स स्टाफ को लिफ्टिंग बैरियर की शीघ्र मरम्मत करने/सुधारने हेतु सूचित करेंगें।

(viii) मेन्टेनेन्स स्टाफ द्वारा लिफ्ंि्टग बैरियर की मरम्मत करने के बाद पुनः संचोजन/ फिट मेमो देने के बाद ही सामान्य संचालन पुनः आरम्भ होगा।

4. समपार फाटक पर अवरोध:-

(i) यदि गेट सड़क वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त हो जाये जो ट्रैक को उल्लंधित ;फाउलद्ध कर रहा हो अथवा यदि लिफ्ि्ंटग बैरियर या गेट का कोई अन्य भाग ट्रैक को फाउल कर रहा हो या गेट पर अन्य कोई अवरोध हो तो गेटमैन तत्काल दिन के समय लाल बैनर फ्लैग और रात के समय लाल बत्ती गेट के दोनों ओर इस निमित्त लगे हुए खम्भांे पर लगा देगा।

(ii) गेटमैन इसके बाद तत्काल कार्यरत स्टेशन मास्टर को खराबी/अवरोध के बारे में प्राइवेट नं. आदान-प्रदान के अन्तर्गत सूचित करेगा।

(iii) कार्यरत स्टेशन मास्टर को सुझाव दिया जायेगा कि आगमन/प्रस्थान सिगनलों को ऑन की स्थिति में कर दें, यदि किसी गाड़ी के लिए ऑफ किये गये हों।

(iv) यदि 2-3 प्रयास के बाद भी स्टेशन मास्टर द्वारा जबाब नहीं मिलता तो गेटमैन पहले गेट का बचाव करेगा और तब टेलीफोन पर सूचना देगा।

(v) तब गेटमैन पटाखे, दिन के समय लाल झंडी तथा रात के समय लाल हाथ बत्ती सहित गाड़ी आने की दिशा में अतिवेग से जायेगा और गेटमैन की ड्यूटी संबंधी सामान्य अनुदेश के अधीन मद सं.1.5;5द्ध में निर्दिष्ट नियमानुसार गेट का बचाव करेगा।

(के.जी गोस्वामी)	(नितिन गर्ग)	(योगेश मित्तल)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा	वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा	वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

(vi) उसके बाद वह दूसरी दिशा से भी गेट का बचाव करेगा।

(vii) वह सड़क वाहन के विवरण, चालक, मालिक का नाम नोट करेगा तथा स्टेशन मास्टर को देगा जोकि गाड़ी को तब तक नही चलायेंगे जब तक कि गेटमैन द्वारा यह आश्वास्त न कर दिय जाय कि सड़क यातायात लिफ्ृ्टिग बैरियर ट्रैक को उल्लंघित नही कर रहा हो।

(viii) स्टेशन मास्टर प्रस्थान सिरे के स्टेशन मास्टर को भी प्राइवेट नं. आदान-प्रदान के अर्न्तगत सूचित करेंगे कि ब्लॉक खण्ड में वह अपनी ओर से कोई गाड़ी न भेजें जब तक कि ट्रैक अवरोध से मुक्त न हो जाये।

(ix) ट्रैक अवरोध से मुक्त हो जाने के बाद गेटमैन प्राइवेट नं. आदान-प्रदान के अन्तर्गत स्टेशन मास्टर को तदनुसार सूचित करेगा।

(x) यदि गेट क्षतिग्रस्त है, किन्तु अवरोध मुक्त है तब स्टेशन मास्टर सभी गाड़ियों के लोको पायलट को सतर्कता आदेश जारी करेंगे कि सावधानी से आगे बढ़ें और गेट सिगनल को ऑन की स्थिति मे गेटमैन के हरे हाथ सिगनल पर पार करें।

(xi) गेटमैन संरक्षा चेन एवं पैडलाक से गेट को सुरक्षित करेगा और यदि गेट पर अवरोध नहीं है तो हरा हाथ सिगनल दिखायेगा।

(xii) स्टेशन मास्टर उत्तरदायी मेन्टेनेन्स स्टाफ को लिफ्टिग बैरियर की मरम्मत के लिए शीघ्रातिशीघ्र सूचित करेगे।

(xiii) मेंन्टीनेन्स स्टॉफ द्वारा खराब लिफ्टिग बैरियर को सुधारने एवं पुनः संयोजन/फिट मेमो देने के बाद ही सामान्य संचालन पुनः आरम्भ किया जायेगा।

5. **समपार फाटक से समीप ट्रैक पर अवरोधः-** यदि पटरी से टूटने अथवा पेड़ के गिरने, सड़क वाहन द्वारा फाउल किये जाने अथवा डिरेलमेंट जो कि गेटमैन को दिखाई पड़ता हो, अवरोध गेट को फाउल करता हो, तो गेटमैन और स्टेशन मास्टर उपर्युक्त वर्णित मद सं. 5 के अनुसार कार्य पद्धति अपनायेंगे। गेटमैन सड़क यातायात के विरूद्ध गेट को बंद रखेगा जब तक कि ट्रैक अवरोध मुक्त न हो जाये।

(के.जी गोस्वामी)
वरि.मं. परि. प्र./सा.एवं को./आगरा

(नितिन गर्ग)
वरि.मं.अभि/प्रथम/आगरा

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

परिशिष्ट "ख"

1.0 स्टेशन संचालन नियम डायग्राम

कांटों तथा सिगनलों की सामान्य दशा, यार्ड के ट्रैक सर्किट किए गए भाग की सीमा, ढलान तथा सभी लाइनों के नाम एवं वहन क्षमता तथा साथ के स्टेषनों की दूरी को स्टेशन संचालन नियम डायग्राम संख्या एस. ई-1402/सी दिनांक 25.04.19 में दिखाया गया है।

2.0 ब्लाक संचालन

साथ के ब्लाक स्टेषनो के मध्य गाड़ी संचालन की पद्धति निम्नलिखित है:-

साथ के स्टेषन राधाकुण्ड-गोर्वधन एवं राधाकुण्ड-मोरा के साथ पूर्ण ब्लॉक पद्धति लागू है। अन्तिम रोक सिगनल मोरा और गोर्वधन की तरफ टोकन लैस यू.एफ.एस.बी.आई पैनल ब्लॉक उपकरण द्वारा नियंत्रित है।

3.0 सिगनलिंग व अन्तर्पाषन की पद्धति

राधाकुण्ड एक विषेष श्रेणी का मानक-II(R) से अन्तर्पाषित स्टेषन है। इस स्टेषन पर बहुसंकेती रंगीन प्रकाष वाले सिगनलों की व्यवस्था है। सभी कांटे विद्युत द्वारा संचालित होते है तथा क्रैंक हैण्डिल से अन्तर्पाषित है। सभी कांटे व सिगनल स्टेषन मास्टर द्वारा वी डी यू से संचालित किए जाते है। वीडीयू स्क्रीन पर प्रदर्षित होने वाले डायलॉग बॉक्स द्वारा कांटे व सिगनल संचालित किए जाते है। कांटो व सिगनलो के मध्य विद्युतीय एस एस आई अन्तर्पाषन की व्यवस्था है।

वी डी यू द्वारा नियंत्रित स्टेषन का डायग्राम जिसमे कांटो व सिगनलो की भौगोलिक स्थिति दर्षायी गई है स्क्रीन पर प्रर्दषित होता है। सामान्यतः रूट सैटिंग कांटो का संचालन, सिगनल/कांटा/टै्क मैनू के विकल्प से किया जाता है। आपातकालीन सहायता कमांड वी डी यू द्वारा दो पास कमांड से नियंत्रित होता है।

स्टेषन मास्टर कन्सोल एल सी पी (वी डी यू) जिसमे कि एक कम्पयूटर रंगीन स्क्रीन के साथ की-बोर्ड तथा माउस की व्यवस्था है। वीडीयू पर टै्क की स्थिति दर्षाने के लिए सोफ्टवेयर की व्यवस्था है। जब किसी फंक्षन का चुनाव करना हो तो सम्बन्धित सूचनाओ के साथ एक दिषा निर्देष का प्रारूप प्रदर्षित होता है जिसके द्वारा उचित कमांड का चयन किया जाता है।

आपातकाल के लिए एक अतिरिक्त वी डी यू व्यवस्था है। यदि मुख्य एल सी पी विफल हो जाए तो स्टेषन मास्टर दूसरे एल सी पी को स्विच ओवर कर लेगा।

4.0 सिगनल गियर का विवरण

निम्न सिगनल वी डी यू द्वारा नियंत्रित है-

(क) मुख्य सिगनल

क्र.सं	सिगनलों का नम्बर	सिगनलों का नाम	विस्तृत विवरण
1	एस-1	अप एडवॉस स्टार्टर सिगनल	2 ऑस्पैक्ट
2	एस-2	डाउन होम सिगनल	3 ऑस्पैक्ट रूट के साथ
3	एस-3	रिक्त	-
4	एस-4	रिक्त	-
5	एस-5	अप मेन स्टार्टर	3 ऑस्पैक्ट
6	एस-6	रिक्त	-
7	एस-7	अप लूप स्टार्टर (लाइन नं. 1)	2 ऑस्पैक्ट
8	एस-8	रिक्त	-
9	एस-9	रिक्त	-
10	एस-10	रिक्त	-
11	एस-11	अप लूप स्टार्टर (लाइन नं. 3)	2 ऑस्पैक्ट
12	एस-12	डाउन लूप स्टार्टर (लाइन नं. 1)	2 ऑस्पैक्ट

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं.अभि./सम./आगरा

13	एस-13	रिक्त	
14	एस-14	रिक्त	
15	एस-15	रिक्त	
16	एस-16	डाउन लूप स्टार्टर (लाइन नं. 3)	2 ऑस्पैक्ट
17	एस-17	रिक्त	
18	एस-18	डाउन मुख्य स्टार्टर	3 ऑस्पैक्ट
19	एस-19	अप मुख्य होम	3 ऑस्पैक्ट रूट के साथ
20	एस-20	डाउन अग्रिम स्टार्टर सिगनल	2 ऑस्पैक्ट

ख) <u>शंट सिगनल</u>

21	शंट सिगनल -101	रिक्त	-
22	शंट सिगनल-102	डाउन शंट सिगनल डाउन मुख्य लाइन से डाउन लूप लाइन नं. 3 से सिगनल नं. 16 तक या डाउन मेन लाइन नं. 2 से सिगनल 18 तक या डाउन लूप लाइन नं. 1 से सिगनल नं. 12 तक षंटिग के लिये।	स्वतंत्र
23	शंट सिगनल -103 से शंट सिगनल-198	रिक्त	-
24	शंट सिगनल -199	अप शंट सिगनल अप मुख्य लाइन से अप लूप लाइन न. 1 से सिगनल न.-07 तक या अप मेन लाइन न. 2 से सिगनल 05 तक या अप लूप लाइन न. 3 से सिगनल-11 तक शंटिग के लिये।	स्वतंत्र

ग) <u>कॉलिग ऑन</u>

क्रम संख्या	सिगनल नम्बर	विवरण	विस्तृत विवरण
1	सीओ- 2	डाउन कॉलिग ऑन सिगनल (डाउन मुख्य लाइन और डाउन लूप लाइन नं.1व 3)	डाउन होम सिगनल नं 2 के नीचे
2	सी.ओ -19	अप कॉलिग ऑन सिगनल (अप मुख्य लाइन और अप लूप लाइन नं.1 व)	अप होम सिगनल नं; 19 के नीचे

घ) <u>ब्लॉक उपकरण</u>

राधाकुण्ड-मोरा और राधाकुण्ड-गोवर्धन के मध्य अप एव डाउन लाइन ब्लॉक सीमा।	ब्लॉक क्लीयरेंस डिजिटल एक्सल काउंटर के साथ यू.एफ.एस.बी.आई पैनल ब्लॉक उपकरण द्वारा नियंत्रित है

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

5.0 <u>वी डी यू संकेत</u>

स्टेषन मास्टर के वी डी यू स्क्रीन पर स्टेषन आरेख पर निम्नलिखित संकेत लगाये गये है-

5.1 <u>मुख्य सिगनल संकेत</u>

क) लाल संकेत- मुख्य सिगनलो को "रूको" संकेत पर सैट करके प्रदर्षित करता है।

ख) एक पीला संकेत-मुख्य सिगनलो को नियंत्रित/अनुमत संकेत "सतर्कता" पर सैट करके प्रदर्षित करता है।

ग) दो पीला संकेत-मुख्य सिगनलो को नियंत्रित/अनुमत संकेत "सावधान" पर सैट करके प्रदर्षित करता है।

घ) हरा संकेत-मुख्य सिगनलो को नियंत्रित/अनुमत संकेत "आगे बढ़ो" पर सैट करके प्रदर्षित करता है।

ड.) एक पीला व स्लाइट संकेत-मुख्य सिगनलो को नियंत्रित/अनुमत संकेत सतर्कता के साथ रूट संकेतक पर सैट करके प्रदर्षित करता है।

च) सभी होम सिगनलो के नीचे बुलावा सिगनल लगाये गये है। वी डी यू पैनल पर बुलावा सिगनल ऑफ होने का संकेतक सम्बन्धित सिगनल के लाल संकेत के नीचे गोल पीले संकेत के रूप में प्रज्जवलित होता है।

5.2 <u>शंट सिगनल संकेत</u>

क) क्षैतिज दिषा मे सफेद बत्ती सिगनल के ऑन होने के संकेत देती है तथा सफेद गोल बत्ती रूट फ्री का संकेतक पर सैट होती है।

ख) नीला/सफेद संकेत प्रदर्षित होने के लिए शंट सिगनल आगे बढ़ो पर सैट होता है। सफेद गोला पीले संकेतक के साथ यह दर्षाता है कि रूट सैट व तालित है।

5.3 <u>ट्रैक संकेत</u>

क) जब ट्रैक परिपथ घिरा न हो व खराब न हो तब ग्रे रंग का ट्रैक संकेत प्राप्त होगा।

ख) जब ट्रैक परिपथ घिरा हो व खराब हो तब लाल रंग का संकेत प्राप्त होगा।

ग) जब रूट सैट हो तब यह पीला रंग का ट्रैक संकेत देगा।

5.4 <u>कांटा संकेत</u>

क) जब कांटा सामान्य स्थिति में सैट हो तो सफेद स्ट्रिप बत्ती जलती है। जब कांटा संचालित किया जाता है तब थोड़े समय के लिए फ्लैष करता है अथवा खराबी के दौरान निरन्तर फ्लैष करता है।

ख) जब कांटा विपरीत स्थिति में सैट हो तो सफेद तिरछी स्ट्रिप बत्ती जलती है। जब कांटा संचालित किया जाता है तब थोड़े समय के लिए फ्लैष करता है अथवा खराबी के दौरान निरन्तर फ्लैष करता है।

ग) प्रत्येक क्रॅास ओवर के पृष्ठ भूमि में ग्रे रंग का आयताकार संकेत यह प्रदर्षित करता है कि कांटा किसी रूट से तालित है। जब रूट सैट किया जाता है उस दौरान यह संकेत फ्लैष करता है।

घ) गहरे पीले कलर के पृष्ठ भूमि में कांटे का आयताकार संकेत यह प्रदर्षित करता है कि कांटा किसी रूट के लिए उपलब्ध नही है अर्थात् इसकी स्थिति को बदला नही जा सकता। फिर भी कांटे को स्वतंत्र संचालन द्वारा चलाया जा सकता है , ऐसी स्थिति में जब एक गहरा पीला आयताकार संकेत प्रदर्षित करता है तो यह माना जाएगा कि कांटा संचालित किया जा सकता है।

ड.) जब कांटे का क्रैंक हैण्डिल नियंत्रण रिलीज किया गया हो तो कांटे के समीप हरे रंग का संकेत चाबी डी ई टी के साथ उभरता है और जब क्रैंक हैण्डिल चाबी बाहर निकाल ली जाती है तो इसके स्थान पर मेजेन्टा रंग की पृष्ठ भूमि का संकेत प्रज्जवलित हो जाता है।

च) जब कांटा अवरूध हो और चलाया न जा सके तो इसके निकट नीले रंग का संकेत उभरता है।

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

5.5 रूट संकेत

राधाकुण्ड यार्ड का सम्पूर्ण बिछाव प्रत्येक दिषा में होम से लेकर अन्तिम रोक सिगनल तक ट्रैक परिपथ द्वारा सुसज्जित है। जैसा कि वी डी यू पर दर्षाया गया है, यह ट्रैक परिपथ विभिन्न क्षेत्रो में विभक्त किया गया है सामान्यतः जब कोई रूट सैट न हो तो यह सफेद संकेत देता है और जब सिगनल ऑफ करने के लिए कमांड दी जाती है तो रूट का सम्पूर्ण परिपथ पीले रंग से फ्लैष करता है जब सारे कांटे सैट हो कर ओवर लैप तक रूट तालित हो जाता है तो यह संकेत स्थिर पीला हो जाता है तथा यह दर्षाता है कि रूट सैट व तालित हो चुका है।

5.6 रूट रिलीज

रूट संकेत प्रज्जवलित होने के बाद रूट के सभी कांटे तालित हो जाते है जिन्हे संचालित नही किया जा सकता। जैसे ही गाड़ी ट्रैक पर आती है यह पीला संकेत लाल मे परिवर्तित हो जाता है और गाड़ी गुजरते ही पुनः पीला हो जाता है तथा संचालन समाप्त होने पर पीला संकेत चला जाता है तथा सफेद संकेत वापस आ जाता है इससे यह संकेत मिलता है कि रूट रिलीज हो चुका है तथा दूसरे संचालन हेतु कांटो को चलाया जा सकता है।

बर्थिंग ट्रैक पर गाड़ी आने के 120 सैकेण्ड बाद ओवर लैप रिलीज होता है। जैसे ही गाड़ी बर्थिंग पर आती है रूट रिलीज होने का संकेत पीला लाइट बुझने से पता चलेगा कि 'ओवी' संकेत फ्लैष करने लगता है तथा समय अन्तराल पूर्ण होने पर यह रिलीज हो जाता है।

5.7 कांटा व सिगनल लैंप विफलता संकेत

कॉटा या सिगनल विफलता के मामले में कंट्रोल वीडीयू पैनल पर सम्बन्धित कॉटां या सिगनल का स्थिर संकेत फ्लैषिंग करने लगेगा यदि किसी सिगनल का हरा संकेत फ्लैषिंग करता है इसका अर्थ रोक सिगनल का हरी लैम्प और यदि डिस्टेट सिगनल का ऑफ आस्पैक्ट लैम्प फ्यूज हो गया है लेकिन सिगनल ऑफ ऑस्पैक्ट दर्षाता है लेकिन वीडीयू पैनल पर हरा फ्लैषिंग के साथ लाल स्थिर संकेत है तो इसका अर्थ है कि सिगनल का ऑफ ऑस्पैक्ट लैम्प फ्यूज हो गया है और सिगनल ऑन स्थिति दर्षा रहा है सिगनल का लाल संकेत फेल हो जाने पर वीडीयू पैनल पर लाल फ्लैषिंग संकेत दर्षायेगा। कार्यरत स्टेषन मास्टर तुरन्त पिछले स्टेषन के स्टेषन मास्टर को सूचित करेगा तथा गाडी के लोको पायलट को सिगनल भुझा हुआ है, सतर्कता से चले का सतर्कता आदेष जारी करायेगा तथा सिगनल मेटेन्टेनर को सूचित कर फ्यूज सिगनल लैम्प को ठीक करायेगा।

5.8 क्रैंक हैण्डिल संकेत

प्रत्येक कै्रंक हैण्डिल जोन का संकेत वी डी यू पर दर्षाया गया है तथा स्थिर सफेद बत्ती जलने पर यह संकेत मिलता है कि कै्रंक हैण्डिल तालित है व स्थिर लाल बत्ती जलने पर कै्रंक हैण्डिल रिलीज कर दिया गया है।

5.9 विद्युत आपूर्ति संकेत

निम्नलिखित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है-

1. एटी सप्लाई
2. लोकल सप्लाई (यूपीपीसीएल)
3. डीजल जनरेटर सप्लाई
4. एकीकृत पावर सप्लाई

स्टेषन मास्टर कक्ष मे वी डी यू पैनल पर स्वचलित व हस्त चलित विद्युत आपूर्ति चेंज ओवर लगाया गया है।

(योगेश मित्तल)
वरि.मं.सि.दू.सं. अभि./सम./आगरा

5.10 <u>फ्लैषिंग संकेत</u>

फ्लैषर रिले वी डी यू पैनल पर निरन्तर फ्लैषिंग को दोहराता है इसकी उपलब्धता यह दर्षाती है कि फ्लैषर रिले उपकरण कार्यरत है यदि यह उपकरण खराब हो जाता है तो फ्लैषर या तो बुझ जाएगा या स्थिर हो जाएगा। इसकी सूचना तत्काल सिगनल अनुरक्षक को दी जाएगी। खराबी के दौरान सिगनलो व कांटो की फ्लैषिंग स्थिति वी डी यू पर उपलब्ध नही होगी फिर भी सिगनलो का ऑफ होना इस बात का आष्वासन है कि कांटे सही स्थिति मे सैट है। फ्लैषर रिले खराबी के दौरान सभी सिगनल संचालन सामान्य रूप से किया जाएगा किन्तु बिना सिगनल के संचालन से पहले कांटो को क्लैम्प व तालित किया जाएगा। फिर भी बिना सिगनल के संचालन से पहले स्टेषन मास्टर कॉटो का सही सैट होना और तालित होना सुनिष्चित करेगा कार्यरत स्टेषन मास्टर सुनिष्चित करेगे कि सम्बन्धित कॉटे क्लैम्प व तालित है।

5.11 <u>सिगनल का जलना बुझना/टिमटिमाना</u>

जब सिगनल लगातार संकेत मे परिवर्तन करे तो इसे टिमटिमाना कहते है तथा ऐसी स्थिति मे सिगनल का प्रतिबन्धित संकेत का पालन किया जाएगा। सामान्य नियम 3.68, 3.69, 3.70, 9.12 व सहायक नियम की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

